VPL

वर्ष 10 अंक 123
पृष्ठ 12

नई दिल्ली, सोमवार
10 फरवरी 2025

मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 शिव विहार या शिव पुरी: मुस्तफाबाद से विधायक बिष्ट ने निर्वाचन क्षेत्र का.. | 06 पहचान की राजनीति और मराठी की अनिवार्यता | 11 फ्रीस्टाइल शतरंज: गुकेश क्वार्टर फाइनल में करुआना से भिड़ेंगे










## गुजरात में मजदूरों पर गिरा ट्रक, एक बच्चे और तीन महिलाओं की मौत

**पालनपुर**, (भाषा) गुजरात के बनासकांठा जिले में रेत से भरा एक डंपर ट्रक पलट कर मजदूरों के एक समूह पर गिर गया, जिससे तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना शनिवार शाम जिले के खेंगरपुरा गांव में उस समय हुई, जब वहां सड़क निर्माण का कार्य हो रहा था। मजदूरों का यह समूह सड़क निर्माण के कार्य में जुटा हुआ था।

पुलिस उपाधीक्षक एस.एम. वरोतरिया ने बताया कि डंपर एक संकरे रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहा था, उसी दौरान वह पलट गया तथा सड़क निर्माण कार्य में जुटी तीन महिला मजदूरों के एक समूह पर गिर गया।

उन्होंने बताया कि इस घटना में एक बच्चे की भी मौत हो गई।



पुलिस उपाधीक्षक ने कहा, '' मजदूर सड़क के किनारे दीवार के निर्माण के लिए मिट्टी खोद रहे थे, तभी रेत से भरा एक ट्रक लापरवाही से संकरे मोड़ से गुजरने की कोशिश करने लगा। चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक वहां काम कर रही तीन महिलाओं और खेल रहे एक बच्चे पर गिर गया।''

अधिकारियों के मुताबिक, क्रेन और बुलडोजर की मदद से ट्रक के नीचे फंसी महिलाओं और बच्चे को बाहर निकालने में करीब दो घंटे का समय लगा।

अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद चारों लोगों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थराड के पुलिस निरीक्षक आर आर राठवा ने बताया कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

थराड के सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी जयदीप त्रिवेदी ने बताया कि चार लोगों को जब अस्पताल लाया गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की पहचान रेणुकाबेन गनावा (24), सोनलबेन निनामा (22), इलाबेन भाभोर (40) और रुद्र (2) के रूप में हुई है।

## आतिशी ने राज्यपाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

अधिकारियों ने बताया कि आतिशी ने राज निवास में सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। आम आदमी पार्टी को भले ही विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन आतिशी अपनी कालकाजी सीट बचाने में सफल रहीं।

उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि सक्सेना ने निवर्तमान मुख्यमंत्री को नयी सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा है।

भाजपा नेताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगले सप्ताह विदेश दौरे से लौटने के बाद भाजपा सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है।

राज निवास ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया, ''माननीय उपराज्यपाल वी के सक्सेना को आज मुख्यमंत्री आतिशी का इस्तीफा मिला। उन्होंने नयी सरकार के गठन तक उन्हें (आतिशी) अपने पद पर बने रहने को कहा है।''



उपराज्यपाल ने शनिवार आठ फरवरी से दिल्ली विधानसभा भंग कर दी थी।

विधानसभा सचिवालय की ओर से एक दिन पहले जारी एक अधिसूचना में कहा गया, ''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली शासन अधिनियम, 1991 की धारा 6 की उपधारा (2)(बी) द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए मैं, विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली का उपराज्यपाल आठ फरवरी 2025 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग करता हूं।''

भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में 48 सीट जीतकर 27 साल बाद सत्ता में लौटी है। वहीं आम आदमी पार्टी को 22 सीट पर जीत मिली, कांग्रेस इस चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई।

अरविंद केजरीवाल ने पिछले साल सितंबर में भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को कहा कि पार्टी दिल्ली में ''रचनात्मक विपक्ष'' की भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, ''हम जनादेश को पूरी विनम्रता से स्वीकार करते हैं। आप एक ऐसी पार्टी है जो अपनी गलतियों को समझती है, पहचानती है और उन पर काम करती है। हम निश्चित रूप से इस बात पर गौर करेंगे कि हमारा मतप्रतिशत क्यों कम हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''हम एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हम भाजपा को दिल्ली के लोगों से किए गए वादों के प्रति जवाबदेह बनाएं।''

## प्रियंका गांधी ने वायनाड में मानव-पशु संघर्ष से निपटने के लिए अधिक धनराशि का आग्रह किया

**वायनाड** (केरल), (भाषा) कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में मानव-पशु संघर्ष से निपटने के लिए धनराशि बढ़ाने को लेकर केंद्र और केरल सरकार पर दबाव डालने और इस संबंध में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष जुटाने का रविवार को संकल्प लिया।

तिरुवम्बाडी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए वायनाड से सांसद प्रियंका ने कहा कि वह मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं को कम से कम करने का पूरा प्रयास करेंगी।

प्रियंका ने कहा कि मनंतवाडी में बाघ के हमले में एक महिला की मौत के बाद जिलाधिकारी और वन अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने धन की कमी का मुद्दा उठाया। प्रियंका ने कहा, ''मैंने उनसे कहा कि मैं समस्या के समाधान के लिए केंद्र और राज्य सरकार पर धनराशि बढ़ाने के लिए दबाव डालूंगी और साथ ही जहां भी हम मदद कर सकते हैं, वहां सीएसआर कोष जुटाएंगे।'' उन्होंने



कहा कि जनवरी से अब तक जंगली जानवरों के हमलों के कारण वायनाड में चार मौतें हो चुकी हैं।

वायनाड की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, प्रियंका ने एरनाड विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली बैठक में मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार (दोनों सरकारों) को अधिक धन आवंटित करने के लिए पत्र लिखेंगी, क्योंकि प्रभावी संरक्षण उपायों के लिए समुचित बैठक के बाद मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह पहले भी एक बार इस मुद्दे को उठा चुकी हैं और आगे भी उठाती रहेंगी। कांग्रेस नेता ने कहा, 'यह एक जटिल मुद्दा है जिसका कोई आसान समाधान नहीं है। निश्चित रूप से, मैं जितना संभव हो उतना दबाव डालूंगी और जितना संभव हो उतना मुद्दा उठाऊंगी।'

प्रियंका ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों दोनों से धन प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा, ''मैं इस मुद्दे को उठाऊंगी और सुनिश्चित करूंगी कि इसका समाधान निकाला जाए।'' इससे पहले, प्रियंका ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि इतिहास में पहली बार कोई सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र, दोनों को कमजोर करने के प्रयास कर रही है।

एरनाड विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के बूथ स्तर के नेताओं को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, ''यह शायद हमारे देश के इतिहास में पहली ऐसी सरकार है जो संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''आपको यह समझना चाहिए कि आज हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह सिर्फ हमारी अपनी राजनीति और विचारधारा की लड़ाई नहीं है, बल्कि भारत ने जो कुछ भी हासिल किया है उसे बचाने की लड़ाई है।''

पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा, ''आपने चुनाव में मेरे लिए बहुत समर्पण के साथ काम किया, मैं इसके लिए आभारी हूं।'' कांग्रेस सांसद ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में वॉलीबॉल में केरल के लिए स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले वायनाड के पुरुष और महिला खिलाड़ियों से भी मुलाकात की और उन्हें बधाई दी।

## महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए : अखिलेश यादव



**लखनऊ,** (भाषा) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को महाकुंभ के दौरान जाम के संकट से उबरने और यात्रा बाधा दूर करने के लिए सरकार को राज्य में वाहनों को टोल मुक्त करने की सलाह दी।

सपा प्रमुख ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा "महाकुंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए, इससे यात्रा में बाधा कम होगी और जाम का संकट भी।" उन्होंने लिखा, "जब फ़िल्मों को मनोरंजन कर मुक्त किया जा सकता है तो महाकुंभ के महापर्व पर गाड़ियों को कर मुक्त क्यों नहीं?" महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी का एजेंडा 'एक पार्टी, एक व्यक्ति' है: तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

**तिरुवनंतपुरम,** (भाषा) तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'एक देश, एक चुनाव' सिद्धांत के खिलाफ लड़ना लोगों की जिम्मेदारी है क्योंकि यह व्यवस्थित रूप से लोकतंत्र को 'नुकसान' पहुंचाएगा।



केरल के तिरुवनंतपुरम में मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स (एमबीआईएफएल) में रेड्डी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का असली एजेंडा एक पार्टी, एक व्यक्ति है, न कि 'एक पार्टी एक चुनाव' है। केंद्र धीरे-धीरे राज्यों के अधिकारों पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि राज्य में होने वाले चुनाव स्थानीय मुद्दों पर अधिक केंद्रित होते हैं जिन्हें कई राज्यों में क्षेत्रीय दल निपटा रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि सभी राज्यों को नए कदम का विरोध करना चाहिए। रेड्डी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए दिशानिर्देशों की भी आलोचना की, जिसमें राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए नए मानदंड निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''केंद्र सरकार राज्यों से विश्वविद्यालयों के लिए बजटीय आवंटन करने की शक्तियां छीनने की कोशिश कर रही है। वे हर चीज को केंद्र के नियंत्रण में लाना चाहते है।''

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर

### दो सुरक्षाकर्मियों ने भी गंवाई जान

**बीजापुर**, (भाषा) छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ एक बड़े अभियान में सुरक्षाबलों ने रविवार को भीषण मुठभेड़ के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी।


पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की भी जान चली गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 650 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने विभिन्न दिशाओं से इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में प्रवेश किया और 31 नक्सलियों को उनके ठिकाने पर ही ढेर कर दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि देश और प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में राज्य को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी। इस घटना के साथ ही इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 81 नक्सलियों को मार गिराया है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई, जब विभिन्न सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर निकला था। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और बस्तर फाइटर्स (राज्य पुलिस की सभी इकाइयां) के जवान शामिल थे।

पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, '' अब तक मुठभेड़ स्थल से 31 'वर्दीधारी' नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, घटनास्थल से एके-47, इंसास, एसएलआर और .303 राइफलों और बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित हथियारों का एक बड़ा जखीरा और विस्फोटक भी जब्त किया गया है।'' पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों ने भी जान गंवाई है, जिनमें से एक राज्य




पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड से तथा दूसरा विशेष कार्य बल से था। उन्होंने कहा कि दो अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उन्हें उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा प्रतिष्ठान में ले जाया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेज दिया है तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान अब भी जारी है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि सुरक्षाबलों को इस दिशा में लगातार सफलता मिल रही है और वे लक्ष्य प्राप्ति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, देश और राज्य से कैंसर की तरह फैले नक्सलवाद का खात्मा निश्चित है। साय ने कहा, ''हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवारों को संबल प्रदान करने तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।''

सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर में राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र को नक्सलियों के लिए पनाहगाह माना जाता था, जहां 650 से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने विभिन्न दिशाओं से प्रवेश किया और 31 नक्सलियों को उनके ठिकाने में ही ढेर कर दिया।

विजय शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि सभी मृतक नक्सली 'वर्दी' पहने हुए थे और उनके पास से स्वचालित हथियार बरामद किए गए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''अभियान में हमारे दो जवान शहीद हो गए। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। विष्णु देव साय की सरकार हमेशा उनके परिवारों के साथ खड़ी रहेगी। दो घायल जवानों को हवाई मार्ग से रायपुर लाया गया है।'' नक्सलवाद को समाप्त करने की मार्च 2026 की समय-सीमा के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, ''केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में यह लक्ष्य हासिल किया जाएगा।'' इस वर्ष अब तक राज्य में मारे गए 81 नक्सलियों में से 65 बस्तर संभाग में मारे गए, जिसमें बीजापुर सहित सात जिले शामिल हैं।



## नेशनल एक्सप्रेस मुरादाबाद क्राइम रिपोर्टर मौ अरशद ने बेटी किंजा का मनाया हर्षोल्लास से जन्मदिन




नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो

मुरादाबाद। जनपद के नेशनल एक्सप्रेस दैनिक समाचार पत्र के क्राइम रिपोर्टर पत्रकार मुरादाबाद महानगर असालतपुरा निवासी मौ. अरशद की एक लोती बिटिया किंजा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जन्मदिन के अवसर पर घर मे कुरान पाक की तीलावत कर बिटिया की लम्बी उम्र के लिए दुआए की गई। साथ ही तमाम समाजसेवीयों व मित्रो शुभचिंतको ने मुबारकबाद का ताता लगा दिया साथ ही बेटी किंजा को इस अवसर पर नेक दुआओ से नावाजा गया। जन्मदिन के अवसर पर किंजा के माता पीता दादा दादी व परिवारजनो ने खूब प्यार दिया तथा जन्मदिन को खुशियों से मनाया गया।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया



इम्फाल (भाषा) मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिंह ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा, ह्यह्यअब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं प्रत्येक मणिपुरी के हितों की रक्षा के लिए समय पर की गई कार्रवाई, विकास कार्यों और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार का बहुत आभारी हूं।

पत्र में कहा गया है, आपके कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार से मेरा विनम्र अनुरोध है कि इसे जारी रखा जाए। मैं इस अवसर पर उनमें से सबसे महत्वपूर्ण कार्यों को गिनाना चाहता हूं... मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना, जिसका हजारों वर्षों से समृद्ध और विविध सभ्यतागत इतिहास रहा है।

उन्होंने केंद्र से सीमा पर घुसपैठ को लेकर कार्रवाई जारी रखने और अवैध प्रवासियों के निर्वासन और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई के लिए नीति तैयार करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) की पूर्ण सुरक्षित संशोधित प्रणाली को जारी रखे, जिसमें बायोमेट्रिक प्रणाली को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए और सीमा पर त्वरित गति से निगरानी की जाए। यह घटनाक्रम उनके दिल्ली से लौटने के कुछ ही घंटों बाद हुयी है।

सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में भाजपा नीत सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की थी। यह बैठक विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग के मद्देनजर आयोजित की गई थी। मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

इस बीच, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ए शारदा ने पुष्टि की कि मुख्यमंत्री सिंह ने राज्य के लोगों के हित में राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

शारदा ने कहा कि सिंह ने राज्य के विकास और अखंडता के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने कहा, वह तीन मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से राज्य में शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा राज्य की अखंडता के लिए कड़ी मेहनत करती रहेगी।

## सिंधिया के जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदन रद्दी में डाले गए; पांच कर्मचारी निलंबित

शिवपुरी (भाषा) केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की जन सुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को फेंकने के मामले में पांच सरकारी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया।

सिंधिया के कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, शनिवार को शिवपुरी के पिछोर में जन सुनवाई शिविर आयोजित किया गया।

इसमें कहा गया है कि जानकारी मिली है कि कुछ आवेदनों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया, जबकि सिंधिया ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी आवेदनों को उचित तरीके से सूचीबद्ध किया जाए और उनका तुरंत समाधान किया जाए। सिंधिया के कार्यालय ने कहा कि घटना को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

जिले के एक अधिकारी ने बताया, इस लापरवाही के लिए तीन पटवारियों और दो अन्य लिपिकीय कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## आस्था का महासंगम है महाकुंभः पुष्कर सिंह धामी

महाकुंभ नगर (भाषा) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को महाकुंभ नगर पहुंचे और उत्तराखंड मंडपम का निरीक्षण किया। साथ ही वह सेक्टर आठ में चल रहे ज्ञान महाकुंभ में भी शामिल हुए।

सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, प्रयागराज पहुंचने पर धामी ने कहा, महाकुंभ, आस्था का महासंगम है। हमारे देश के करोड़ों लोग यहां पवित्र संगम में स्नान कर रहे हैं। हम मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करेंगे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर समृद्धि और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे।

मुख्यमंत्री ने यहां स्थापित उत्तराखंड मंडपम का निरीक्षण किया और उत्तराखंड मंडपम में आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की एवं उनका हालचाल जाना। उन्होंने श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनकी सुविधा को लेकर संतोष जताया। बयान के मुताबिक, धामी ने सेक्टर-आठ, प्रयागवाल मार्ग पर आयोजित ज्ञान महाकुंभ में भी भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धार्मिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक विमर्शों पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा, शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित यह ज्ञान महाकुंभ निश्चित रूप से हमारी आने वाली नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा। प्रयागराज की पवित्र धरा पर हो रहे 'ज्ञान महाकुंभ' में शैक्षिक प्रदर्शनी, संगोष्ठियां, छात्र, महिला और आचार्य सम्मेलन जैसे विभिन्न आयोजनों के माध्यम से युवाओं में भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को जागृत किया जा रहा है। उन्होंने 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्धकुम्भ के लिए सभी को आमंत्रित किया।

# साई धाम में सामूहिक विवाह समारोह में 25 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फरीदाबादः साई धाम द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी मधुश्री गुप्ता, सौम्या गुप्ता, डॉ. अश्विनी अग्रवाल, साई धाम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.मोतीलाल गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. बीनू शर्मा एवं शिरडी साईं बाबा टेंपल सोसायटी के कमेटी मेंबर्स द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

शिरडी साईं बाबा स्कूल के बच्चों ने बाल विवाह और शिक्षा के महत्व पर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने साई धाम और डॉ. मोतीलाल गुप्ता द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. गुप्ता का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि समाज से दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाप्त किया जा सके।

समारोह के दौरान सौम्या गुप्ता ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें दान करने की घोषणा की, जिससे वंचित बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

साई धाम द्वारा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, बर्तन, कपड़े, बिस्तर, फोल्डिंग बेड सहित आवश्यक सामान प्रदान किया गया। परिजनों ने इस पहल की सराहना की।

इस अवसर पर अंकित लाल, अतुल लाल, रचना लाल, राहुल लाल, अल्का लाल, रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति से रौनक गर्ग, गार्गि गर्ग, धैर्य गर्ग और अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों सहित वंदना अग्रवाल, महेश अग्रवाल, के ए पिल्लै, यूएस अग्रवाल, रत्न मुंशी, मनोहर पुनयानी, अमित आर्या, नीरा गोयल, रेखा गुप्ता उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग के जीने की उम्मीद बना ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फरीदाबादः बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने एक बेसहारा बुजर्ग को सहारा देकर ना केवल पुण्य का काम किया है बल्कि एक कीमती जिन्दगी की भी बचाया है।

आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को किसी समाजसेवी ने फोन पर जानकारी दी की बीके अस्पताल की कैंटीन के साथ लगती दीवार के पास एक बेसहारा बुजुर्ग महिला बदहवास बैठी है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम जिसमें पुत्री कोमल बजाज और सूरज आर्य के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को उठाकर आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर बुर्जुग ने अपना नाम शांति देवी पत्नी स्व. हरिकिशन आयु 76 वर्ष बताया। इसके अलावा वह कुछ भी बताने को असमर्थ थी। किशन लाल बजाज ने बुजुर्ग को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझे। जब तक चाहे वह यहां रह सकता है और उसके खाने पीने और पहनने का सारा इंतजाम नवजन मोर्चा समिति की देखरेख में किया जाएगा। किशन लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना 3 नंबर पुलिस चौकी में दे दी जाएगी।

## विश्व पुस्तक मेला 2025 : डॉ. अर्पण जैन का बाल कविता संग्रह 'मनय' लोकार्पण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

इन्दौर। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा भारत मण्डपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेला 2025 में हॉल 2 में संस्मय प्रकाशन के स्टॉल एन 09 पर इन्दौर के लेखक डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' के प्रथम बाल कविता संग्रह 'मनय' का लोकार्पण सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. दिविक रमेश, सुप्रसिद्ध उद्घोषक विनय उपाध्याय, जवाहर कर्णावट, अशोक मिश्र एवं संदीप तोमर ने किया। इसे संस्मय प्रकाशन ने प्रकाशित किया है।

डॉ. दिविक रमेश ने कहा कि 'बाल कविता लिखना सहज नहीं पर अर्पण ने बखूबी लिखने का प्रयास किया। मैं आश्वस्त हूँ कि नई पीढ़ी इस समय बच्चों के लिए खूब सर्जना कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि 'भाषा की चिंता करना इस समय साहित्य की आवश्यकता है। जो मातृभाषा के माध्यम से लगातार अर्पण कर रहें है। इस मौके पर संस्मय प्रकाशन की संस्थापक शिखा जैन, निदेशक भावना शर्मा, भगीरथ आदि मौजूद रहे।



# लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों का समर्थन किया: नायब सिंह सैनी



नयी दिल्ली, (भाषा) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है और अब मोदी जी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी।

सैनी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब दिल्ली के लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। सैनी ने कहा कि अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी और चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत के लिए वह दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं लेकिन उन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना नदी को 2025 तक स्वच्छ करने के बार-बार सपने दिखाने वाले केजरीवाल जब इसे पूरा नहीं कर पाएं तो हरियाणा पर नदी में जहर मिलाने तक के झूठे आरोप लगाने लगे। दिल्ली की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर उनके झूठे वायदों का जवाब दिया है। उन्होंने दावा किया कि अब पंजाब की जनता भी 'आप-दा' पार्टी को इसी तरह सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसी बनाने का वायदा किया था लेकिन जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर गया तो वहां घंटों जाम व टूटी हुई सड़कों के अलावा कुछ नहीं मिला।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाएंगे लेकिन इसके विपरीत उन्होंने जगह-जगह शराब के ठेके खुलवा दिए। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी, यह मोदी की गारंटी है कि अगर कहा है तो करेंगें।

राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को खत्म करने के लिए कई योजनाओं पर तीव्र गति से काम होने की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इसके लिए मेट्रो सेवाओं में बढ़ोतरी होगी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने सहित कई योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा। उन्होंने अपने पुराने वादे का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को दिल खोलकर अपना जनादेश दिया है और इसलिए आज वह खुद अलग-अलग तरीके की जलेबियां दिल्ली की जनता को खिलाने आए हैं।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आप को बाहर का रास्ता दिखाने के साथ ही कांग्रेस पार्टी को तीसरी बार जीरो पर आउट कर दिया। उन्होंने कहा कि 'इंडी' गठबंधन का भी अब कोई भविष्य नहीं है और दिल्ली चुनाव के साथ ही उनकी दुकान भी बंद हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है और हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए है तथा इन चुनावों में भी भाजपा अपना परचम लहराएगी।

मुख्यमंत्री नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस दिल्ली में आप के साथ गठबंधन के लिए तैयार थी, केजरीवाल ने इनकार कर दिया : कर्रा

श्रीनगर, (भाषा) कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने रविवार को कहा कि कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए तैयार थी लेकिन इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इनकार कर दिया।

कर्रा ने यहां कहा, ''कांग्रेस गठबंधन के लिए हमेशा से तैयार थी लेकिन वह अरविंद केजरीवाल हैं जिन्होंने गठबंधन का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। वह मिलकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे चिंताजनक हैं लेकिन यह स्पष्ट है कि कोई भी विपक्षी गठबंधन कांग्रेस के बिना अधूरा होगा। उन्होंने कहा, ''इस पूरी प्रक्रिया से एक बात जो उभरकर सामने आई है, वह यह है कि जहां तक 'इंडिया' गठबंधन का सवाल है, मुझे लगता है कि यह सभी घटकों के लिए एक संदेश है कि कांग्रेस के बिना आप कुछ नहीं कर सकते।''

# शिव विहार या शिव पुरी: मुस्तफाबाद से विधायक बिष्ट ने निर्वाचन क्षेत्र का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली विधानसभा की मुस्तफाबाद सीट से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने रविवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के इस निर्वाचन क्षेत्र का नाम बदलकर 'शिव विहार' या 'शिव पुरी' करने का प्रस्ताव रखा। इस निर्वाचन क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की अच्छी खासी आबादी है।

बिष्ट ने अपने प्रस्ताव को यह दावा करके उचित ठहराया कि निर्वाचन क्षेत्र में हिंदू आबादी अधिक है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''एक तरफ 58 फीसदी लोग हैं और दूसरी तरफ 42 फीसदी। यह 58 फीसदी लोगों का अधिकार है कि नाम उसी हिसाब से बदला जाए। नाम शिव विहार या शिव पुरी हो सकता है।''

शनिवार को घोषित नतीजों में 67 वर्षीय बिष्ट ने मुस्तफाबाद में आम आदमी पार्टी के आदिल अहमद खान को 17,578 मतों से हराया। छठी बार विधायक चुने गए बिष्ट इससे पहले करावल नगर सीट से चुनाव लड़ते रहे थे। हालांकि, इस बार पार्टी ने उन्हें मुस्तफाबाद से चुनाव लड़ाया।

मुस्तफाबाद का नाम बदलने के बिष्ट के प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए ओखला से 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने जानना चाहा कि भाजपा इससे क्या हासिल करना चाहती है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ऐसी चीजें करने के बजाय भाजपा को सकारात्मक रूप से काम करना चाहिए और नकारात्मकता से बचना चाहिए।

पार्टी में कुछ लोग बिष्ट को मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार के रूप में देख रहे हैं।

इन अटकलों से जुड़े सवाल पर बिष्ट ने कहा, ''पार्टी ने मुझे सात बार चुनाव लड़ने का मौका दिया और मैंने छह बार जीत दर्ज की। मैं पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी जिसे भी चुनेगी, वह 'कमल' का चिह्न थामेगा।'' दिल्ली में 26 साल से अधिक समय के बाद भाजपा सत्ता में आई है। उसने 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीट पर जीत दर्ज की है। आप को 22 सीटों पर जीत मिली है, जबकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

# केजरीवाल ने आप के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता से बाहर होने के एक दिन बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अपने फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर 22 नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की और उनसे जनता के लिए काम करने को कहा।

बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने वादों को पूरा करे।

आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ने नवनिर्वाचित विधायकों को लोगों की सेवा करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा, ''आप एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा अपने वादे के अनुसार आठ मार्च तक महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह दे, 300 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए और लोगों के लिए अन्य सुविधाएं जारी रखे।''

उन्होंने कहा कि आप विधायक यह सुनिश्चित करेंगे कि भाजपा आप नीत सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में दी गई मुफ्त सेवाओं और सुविधाओं को बंद न करे। आतिशी ने कहा कि आने वाले दिनों में आप विधायक दल की बैठक के दौरान विपक्ष के नेता को नामित किया जाएगा।

भाजपा ने दिल्ली की 70 विधानसभा सीट में से 48 सीट पर जीत हासिल की। भाजपा ने आप को पराजित करके 26 साल से अधिक समय के बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है।

बाद में, केजरीवाल ने चुनाव हारने वाले आप उम्मीदवारों के साथ भी बैठक की।

बैठक के बाद आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा, ''जब सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा था और आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा था, तब सभी ने शानदार तरीके से चुनाव लड़ा। भाजपा विधायक जनता के लिए काम करें या न करें, आप उम्मीदवारों को जनता के लिए काम करना होगा।''

# आठवीं विधानसभा में महिलाओं की संख्या कम हुई, स्नातकों की संख्या बढ़ी



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की आठवीं विधानसभा में पहले की तुलना में कम महिलाएं चुनी गई हैं लेकिन स्नातक डिग्रीधारी विधायकों की संख्या में इस बार बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

'पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च' की रिपोर्ट में पाया गया कि विधानसभा में पांच महिलाएं चुनी गई हैं जिनकी सदन में सात प्रतिशत हिस्सेदारी है। इनमें से चार महिला विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं जबकि आतिशी सदन में 'आप' (आम आदमी पार्टी) की एकमात्र महिला सदस्य चुनी गई हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए।

इससे पहले, 2020 में आठ महिला विधायक चुनी गई थीं।

दिल्ली में 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा सत्ता में आई है और उसने 70 विधानसभा सीट में से 48 पर जीत हासिल की है। 'आप' ने पांच फरवरी को हुए चुनावों में 22 सीट जीतीं और कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

स्नातक डिग्री वाले विधायकों का प्रतिशत सातवीं विधानसभा में 34 प्रतिशत से बढ़कर आठवीं विधानसभा में 38 प्रतिशत हो गया है। स्नातकोत्तर डिग्री और उससे उच्च डिग्री वाले विधायकों की संख्या पिछली बार की तरह 26 प्रतिशत ही बनी हुई है।

नव-निर्वाचित विधायकों में से लगभग 61 प्रतिशत ने राजनीति या सामाजिक कार्य को अपना पेशा बताया, जबकि पिछली विधानसभा में यह आंकड़ा 67 प्रतिशत था।

जिन विधायकों ने अपना पेशा व्यवसाय बताया है, उनकी संख्या में सातवीं विधानसभा की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। उनकी संख्या सातवीं विधानसभा में 29 प्रतिशत थी और यह आठवीं विधानसभा में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में पाया गया कि सदस्यों की औसत उम्र 52 वर्ष है।

रिपोर्ट के अनुसार, नवनिर्वाचित विधायकों में से 13 प्रतिशत की उम्र 25 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है, जबकि पिछली विधानसभा में यह 23 प्रतिशत थी।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री का इस्तीफा 'देर से' उठाया कदम है, लोगों को मोदी के दौरे का इंतजार: कांग्रेस



नयी दिल्ली, नौ फरवरी (भाषा) कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे को ''देर से उठाया गया कदम'' बताते हुए रविवार को कहा कि राज्य के लोगों को अब ''लगातार विदेशी दौरों पर रहने वाले हमारे प्रधानमंत्री'' नरेन्द्र मोदी के आने का इंतजार हैं।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने यह प्रतिक्रिया दी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सोमवार को मणिपुर विधानसभा में सिंह और उनकी मंत्रिपरिषद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए तैयार है।

रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मणिपुर के मुख्यमंत्री ने माहौल को भांपते हुए इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस मणिपुर में हिंसा भड़कने पर मई 2023 की शुरुआत से इसकी मांग कर रही थी।'' उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री का इस्तीफा देर से दिया गया। अब मणिपुर के लोग लगातार विदेश यात्रा करने वाले हमारे प्रधानमंत्री के दौरे का इंतजार कर रहे हैं, जो इस समय फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर हैं और जिन्हें पिछले 20 महीने में मणिपुर जाने के लिए न तो समय मिला है और न ही उनकी इच्छा है।'' सिंह ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा, ''अब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

# दिल्ली में बस में खाना गिरने पर रसोइये की पीट-पीटकर हत्या

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बवाना इलाके में एक बस के अंदर सीट पर खाना गिराने के कारण एक रसोइये की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मनोज उर्फ बाबू नामक व्यक्ति को तीन लोगों ने पीटा, जिनमें आरटीवी बस का चालक और उसके दो सहायक शामिल थे। हमलावरों से एक ने उसके गुप्तांग में लोहे की रॉड डाल दी।

जब मनोज बेहोश हो गया तो तीनों ने उसे बवाना फ्लाइओवर के पास फेंक दिया और फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य अब भी फरार हैं।

नरेला निवासी मनोज शादी समारोह में रसोइये का काम करता था।

एक फरवरी की रात को वह और उसका एक साथी दिनेश सुल्तानपुर डबास में एक शादी में शामिल हुए थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, "काम खत्म करने के बाद उन्होंने बचा हुआ खाना पैक किया और बस में सवार हो गए। यात्रा के दौरान कुछ खाना गलती से सीट पर गिर गया, जिससे ड्राइवर और उसके साथी भड़क गए।"

अधिकारी ने बताया कि दिनेश को बवाना चौक पर उतरने दिया गया, जबकि तीनों ने मनोज को बंधक बना लिया और उसे उसकी शर्ट से सीट साफ करने के लिए मजबूर किया।

अधिकारी ने बताया कि बस चालक आशीष उर्फ आशु और उसके दोस्तों ने उसे गालियां दीं और पीटा। जब वह सीट साफ कर रहा था, तो आशीष ने उसके गुप्तांगों में रॉड घुसा दी। उन्होंने बताया, "दो फरवरी को पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की बात कही गई थी। शुरुआत में, टीम को लगा कि मृतक खानाबदोश है, क्योंकि उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। हालांकि, एक दिन की मशक्कत के बाद उसके भाई जितेंद्र ने उसकी पहचान की पुष्टि की, जिसने उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।" पांच फरवरी को पोस्टमार्टम में गंभीर आंतरिक चोटों का पता चला, जिससे हमले की प्रकृति की पुष्टि हुई।

## दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में नाबालिग से बलात्कार के आरोप में 62 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सरोजनी नगर इलाके में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में 62 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस को छह फरवरी को सफदरजंग अस्पताल से एक गर्भवती नाबालिग के मेडिकल परीक्षण के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची और मेडिकल दस्तावेज एकत्र किए।

पुलिस अधिकारी ने कहा, ''शुरू में लड़की ने दावा किया कि वह एक साल से एक लड़के के साथ सहमति से संबंध में थी। हालांकि, आगे की पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसके पड़ोसी ने चार महीने पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था। उसने कहा कि वह उसे अपने कमरे में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया।''

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा विधायकों ने उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजयी उम्मीदवारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना से शिष्टाचार भेंट की। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडल में प्रवेश वर्मा, बिजवासन के विधायक कैलाश गहलोत और गांधी नगर से निर्वाचित अरविंदर सिंह लवली शामिल थे।

प्रवेश वर्मा ने नयी दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल को हराया है।

नाम जाहिर नहीं करने का अनुरोध करते हुए भाजपा के एक नेता ने कहा, ''विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उपराज्यपाल के साथ यह शिष्टाचार मुलाकात थी।''

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली के 48 नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों और सात सांसदों के साथ बैठक के लिए समय मांगा है। सचदेवा ने लिखा, 'मैं, दिल्ली के भाजपा सांसद और हमारे नवनिर्वाचित 48 विधायक आपसे जल्द से जल्द मिलना चाहते हैं। कृपया अपनी सुविधानुसार समय दें।'

दिल्ली में 26 साल से अधिक समय बाद भाजपा सत्ता में लौटी है। चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं, जबकि आप को 22 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद अगले सप्ताह पार्टी सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है।

# मेरठ में अतिरिक्त छह किलोमीटर खंड पर नमो भारत ट्रेन का परीक्षण शुरू



नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में मेरठ दक्षिण और शताब्दी नगर के बीच छह किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड पर रविवार को नमो भारत ट्रेन का परीक्षण शुरू हुआ। एनसीआर परिवहन निगम ने यह जानकारी दी।

एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा कि परीक्षण के दौरान निर्माण संरचना की अनुकूलता की जांच के लिए नमो भारत ट्रेनों को शुरू में 'मैन्युअल' रूप से संचालित किया जाएगा। बयान के मुताबिक, जैसे-जैसे परीक्षण आगे बढ़ेगा, एनसीआरटीसी ट्रेन के एकीकृत प्रदर्शन और पटरी, सिग्नल, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) तथा ओवरहेड विद्युत आपूर्ति प्रणाली सहित प्रमुख उप-प्रणालियों के साथ समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन करेगा।

बयान में कहा गया है कि इसके बाद उच्च गति परीक्षण सहित व्यापक परीक्षण की योजना बनाई जाएगी।

इसमें कहा गया, ''गलियारे के इस छह किलोमीटर के अतिरिक्त हिस्से में शताब्दी नगर में एक नमो भारत स्टेशन के अलावा परतापुर और रिठानी के दो मेरठ मेट्रो स्टेशन भी होंगे। एक बार परिचालन शुरू हो जाने पर, नमो भारत ट्रेन यात्रियों को न्यू अशोक नगर और शताब्दी नगर के बीच तेज यात्रा का विकल्प प्रदान करेंगी, जिससे 61 किलोमीटर की यात्रा का समय 45 मिनट से कम हो जाएगा।''

बयान के मुताबिक, शताब्दी नगर मेरठ का दूसरा नमो भारत स्टेशन होगा जो नमो भारत और मेरठ मेट्रो दोनों के लिए काम करेगा, जिससे यह एक प्रमुख पारगमन केंद्र बन जाएगा। इसमें कहा गया कि यह स्टेशन क्षेत्र में यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगा, जिससे दिल्ली और मोदीपुरम दोनों की ओर निर्बाध कनेक्टिविटी मिलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए शताब्दी नगर स्टेशन पर सड़क के दोनों ओर दो प्रवेश-निकास द्वार हैं।

## सूचना / उद्घोषणा

घरेलू हिंसा के आरोपी कि माननीय न्यायालय श्रीमान civil judge (J.D.) FTC जनपद मुरादाबाद द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 660/2017 धारा 498A/323/506 ipc व 3/4 dp act में अभियुक्त रामगोपाल निवासी मोहल्ला भदौरा डॉक्टर प्रदीप कुमार की गली कटघर मुरादाबाद वह श्रीमती रूपवती पत्नी छेड़ लाल निवासी मोहल्ला भदौरा डॉक्टर प्रदीप कुमार की गली कटघर मुरादाबाद के माननीय न्यायालय civil judge (J.D.) FTC मुरादाबाद द्वारा अभियुक्त के गैर जमानती वारंट/धारा 82 उद्घोषणा वारंट जारी किए गए हैं किसी व्यक्ति को जानकारी होने पर थाना काटकर के सीयूजी नंबर 9454404043 पर सूचना देने की कृपया करें सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/ nationalexpressindia

# एकता आर कपूर ने पीएम की वेव्स पहल की सराहना की



नयी दिल्ली, (भाषा) निर्माता एकता कपूर ने विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की रविवार को प्रशंसा की और कहा कि वह इस पहल में अपना योगदान देने को लेकर उत्साहित हैं।

भारत एक से चार मई तक मुंबई में पहले विश्व दृश्य-श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) की मेजबानी करेगा, जिसमें मीडिया संस्थानों के सीईओ और विश्व भर के मनोरंजन जगत की हस्तियां शामिल होंगी। एकता कपूर वेव्स के सलाहकार बोर्ड की व्यापक डिजिटल बैठक का हिस्सा थीं। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाता है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को की।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने का आपका दृष्टिकोण प्रेरणादायक है। हम इस यात्रा में योगदान देने और इसका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं।''

अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अनिल कपूर, अनुपम खेर, मोहनलाल, रजनीकांत, आमिर खान, एआर रहमान, दिलजीत दोसांझ, अक्षय कुमार, रणबीर कपूर, शेखर कपूर, दीपिका पादुकोण और मिथुन चक्रवर्ती जैसी फिल्मी हस्तियां भी डिजिटल बैठक में शामिल हुई थीं। इससे पहले, अनिल कपूर ने कहा कि वे वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू को टैग करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हमने साथी सदस्यों के साथ बहुत ही व्यावहारिक चर्चा की और हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हैं।''

खेर ने वेव्स को ''अद्भुत पहल'' कहा। उन्होंने अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए कहा, ''यह निश्चित रूप से भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएगा। आपके दृष्टिकोण को सुनना और बोर्ड के अन्य प्रतिष्ठित सदस्यों की भागीदारी एक स्पष्ट संकेत था कि भारत कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर मनोरंजन और सांस्कृतिक क्षेत्र का दावोस बन जाएगा।''

चिरंजीवी ने कहा, ''मुझे कोई संदेह नहीं है कि मोदी जी के दिमाग की उपज वेव्स, भारत की 'सॉफ्ट पावर' को दुनिया में इसकी हकदार ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।''



# अफीम के गढ़ में जारी है अफीम का कारोबार

## फतेहगंज पुलिस द्वारा लगभग 209 ग्राम अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली । थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने देर रात्रि मुखबिर की सूचना पर दबिश के दौरान पिपरिया जाने वाले रोड के दाहिने किनारे से अभियुक्त ऐवरन सिह पुत्र फूल सिह निवासी ग्राम ठिरिया खुर्द थाना मीरगंज, मोहम्मद फईम पुत्र भूरे हुसैन निवासी ग्राम ठिरिया खुर्द थाना मीरगंज को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 109 ग्राम व 100 ग्राम अवैध अफीम कुल 209 ग्राम अवैध अफीम जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 6 लाख रुपए बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर थाना फतेहगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया अफीम आने जाने वाले ट्रक चालकों से कम दाम पर खरीदकर ज्यादा दामों में बेचकर अपना खर्चा व अपने परिवार का पालन पोषण करते है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, वउनि विश्वदेव सिह, उनि मोहम्मद उमर , हेका कुलदीप सिह , कांस्टेबल इरशाद मौजूद थे।

# सोशल मीडिया पर तमंचा लहराओगे तो सीधा जेल जाओगे

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना अलीगंज पुलिस टीम ने एक अवैध तमंचे के साथ वायरल हुई फोटो से संबंधित अभियुक्त सतेन्द्र को गिरफ्तार किया है। सतेन्द्र, जो राम बहादुर का पुत्र है और ग्राम भजनई का निवासी को देर रात चैकिंग के दौरान ग्राम भजनई जाने वाले रास्ते की पुलिया से एक अवैध 12 बोर तमंचे के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना अलीगंज में मुकदमा दर्ज किया है।

पूछताछ के दौरान सतेन्द्र ने बताया की जो तमंचा बरामद हुआ है, यह वही तमंचा है जिसे हाथ में लेकर उसने फोटो खींची और सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी,मामला संज्ञान में आने पर पुलिस युवक की तलाश कर रही थी इस ऑपरेशन में पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक राजित राम, उप निरीक्षक अब्दुल कादिर, हेड कांस्टेबल कमल सिंह और हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह मौजूद थे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया महानगर की टीम का विस्तार

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का कार्यक्रम मिनी बायपास से क्लब 7 पर संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम हुआ एवं महानगर की टीम का विस्तार किया गया, एडवोकेट विक्रांत चौहान को महानगर उपाध्यक्ष मयंक कठेरिया को महानगर मंत्री,विनोद सिंह उपाध्यक्ष, विक्रम चौहान मंत्री,प्रकाश ठाकुर,अभिषेक चंदेल,विपिन प्रताप सिंह महानगर महामंत्री युवा,विजय सिसोदिया,लखन राठौर महानगर उपाध्यक्ष युवा,अनूप सिंह,राहुल ठाकुर महानगर मंत्री युवा,अरुण चौहान संगठन मंत्री युवा नियुक्त किए गए,कार्यक्रम की अध्यक्षता ठा ऋषि पाल सिंह ने की संचालन एम पी सिंह द्वारा किया गया,पुस्तक का विमोचन पूर्व न्यायाधीश राजभान सिंह राठौड़ द्वारा किया गया पुस्तक मैं क्षत्रिय समाज के जनपद बरेली मैं क्षत्रिय समाज के महान पुरुषो का परिचय एवं गौरवशाली इतिहास जिले के स्वंत्रता सेनानियो के परिवार जनों को सम्मानित किया


कार्यक्रम में देव्पल सिंह, स्वदेश सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख, जयगोविंद सिंह,सर्वेश सिंह,अमित चौहान, ठा शिवेन्द्र प्रताप सिंह, भारती चौहान,आरती चौहान, रंजना सोलंकी, ओम प्रकाश सिंह,राकेश सिंह,गोपेन्द्र पाल सिंह आदि क्षत्रिय बंधू कार्यक्रम मैं रहे ।

# उजागर होंगे आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार के कारण

## संतोष गंगवार और पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के कार्यकाल में किए गए सभी 80 विकास कार्य का केंद्र ने ब्यौरा मांगा, जांच के लिए एजेंसी गठित

## 15 दिन में देनी होगी 2009 से 2024 तक संतोष गंगवार और धर्मेंद्र कश्यप के कार्यकाल में सांसद निधि द्वारा किए गए विकास कार्यों की रिपोर्ट

नेशनल एक्सप्रेस





बरेली बढ़ सकती हैं आंवला के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप की मुश्किलें 2024 लोकसभा चुनाव में आंवला सीट पर भाजपा को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी वही बरेली की सीट बचाने के लिए हाई कमान को एड़ी से चोटी तक का जोर लगाना पड़ा था, अब केंद्र सरकार ने दोनों संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रदर्शन के कारणों को जानने के लिए टीम गठित की है ,इस टीम द्वारा 2009 से 2024 तक संतोष गंगवार और पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप द्वारा किए गए सभी 80 विकास कार्यों का 15 दिन के भीतर ब्यौरा मांगा है।

**अनियमितताएं पाए जाने पर बढ़ सकती हैं पूर्व सांसदों की मुश्किलें:** केंद्र सरकार द्वारा संतोष गंगवार और पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के कार्यकाल में किए गए ,सभी 80 विकास कार्यों की जांच की जाएगी ,जिसमें सांसद निधि द्वारा क्या-क्या विकास कार्य कराए गए ,विकास कार्यों के लिए पहली और दूसरी किस्त समय पर आवंटित की गई या नही, किस वर्ष में क्या विकास कार्य हुए, इन विकास कार्य में वित्तीय पारदर्शिता बरती गई या नहीं, कितना बजट आवंटित हुआ निर्माण कार्य की गुणवत्ता समय सीमा और लाभ, परियोजना कब शुरू हुई और कब खत्म हुई इसे अपने कार्यकाल में पूरा किया गया या नहीं सभी विषयों की जांच की जाएगी जिसके लिए भाजपा केंद्र सरकार द्वारा 15 दिन में ब्यौरा तलब करके थर्ड पार्टी से इसकी जांच कराई जाएगी, जिसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार के साथ नियोजन विभाग लखनऊ को भी सौंपी जाएगी किसी प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारीयों, ठेकेदारों ,संबंधित विभागों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिससे बरेली अधिकारी खेमे के साथ-साथ राजनीतिक खेमे में भी हलचल तेज है।

# सरकारी सड़क पर पक्का निर्माण बीडीए से की बुलडोजर की मांग

## भू माफियाओं को नहीं है खौंफ सरकारी सड़क पर भी अवैध कब्जा

नेशनल एक्सप्रेस






बरेली ताजा मामला आशुतोष सिटी का है जहां विधायक निधि के अंतर्गत पक्के आरसीसी सड़क का निर्माण हुआ था, जिस पर सड़क की लंबाई मीटर में अंकित भी है, उसके बावजूद वीरपाल द्वारा जोकी वहां लगभग 15 सालों से सड़क के एक साइड में काबिज है, जिसकी रजिस्ट्री को स्वयं उसके द्वारा 2015 का बताया जाता है भू माफिया वीरपाल ने 2024 में एक और रजिस्ट्री कराई उसमें सड़क को कब्जे में लेकर दोनों साइड निर्माण कर सड़क के ऊपर दीवार खड़ी कर दी गई। पीड़ीत द्वारा पूछा गया की, अगर बैनामा 2024 में भी किया है तो किस आधार पर किया है सांसद निधि से पड़ी सड़क की लंबाई सरकारी बोर्ड में अंकित है रजिस्ट्री में उसका मालिकाना हक भू माफिया अर्थात भूमि को कब्जा करने की नीयत से दोनों साइड दीवार बनकर पक्के निर्माण को अंजाम दे दिया। पीड़ित का मकान साइड में पड़ता है इस कारण उसका निकास भी पूर्णतः बंद हो गया। शिकायत करने पर लगातार धमकियां दी जा रही हैं मेरे मकान की सुरक्षा को लेकर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है, मेरे मकान का निकास इनके निर्माण के अंदर आ गया है मेरे मकान की मानचित्र छाया प्रति बीडीए को की गई शिकायत में संलग्न है, जिसके अनुसार मेरे मकान का निकास ही बंद हो गया है ,प्रार्थी द्वारा वीडीए से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बीडीए से सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने के उद्देश्य से बीडीए से शिकायत कर निर्माण को बुलडोजर ध्वस्तीकरण की मांग की है।

# सरकारी योजना का अनाज आते ही भ्रष्टाचार योजना शुरू

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। फरवरी माह का सरकारी योजना का अनाज आते ही वार्ड 43 आकाश पुरम के पार्षद प्रतिनिधि चंद्रपाल राठौर के पास क्षेत्र की महिलाओं ने कम राशन मिलने को लेकर शिकायत की थी जिसमें चार सरकारी राशन की दुकान पर पार्षद प्रतिनिधि चंद्रपाल राठौर गए साथ में पूर्वी मंडल महामंत्री चरन सिंह सोनकर बूथ अध्यक्ष महेश सोनकर बूथ अध्यक्ष शुभम सोनकर लोटन सिंह यादव जिसमें राशन की दुकान पर 2 से लेकर 3 किलो राशन कम दिया जा रहा था कोटेदारों का कहना है कि हमको ऊपर से ही राशन कम मिलता है और हमें ऑफिस वालों को समझना भी पड़ता है । क्षेत्र के लोगों एवं कहना है जब से नए सप्लाई इंस्पेक्टर मोहम्मद काशिफ आए हैं तब से ज्यादा राशन कट रहा है । पहले पूरा राशन तोलकर पर्ची निकाल लेते हैं उसके बाद 1 किलो 2 किलो 3 किलो राशन कम कर देते हैं ।प्रधानमंत्री मोदी, योगी जी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब लोगों को दिया जा रहा है लेकिन जिसमें सरकारी तंत्र लापरवाही और भ्रष्टाचारी की वजह से गरीब लोगों को बहुत सी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है गरीबों का तन पेट काटा जा रहा है । दो महीने पहले कैंट विधायक संजीव अग्रवाल एवं जिला अधिकारी को पत्र लिख कर दिया था कि मेरे वार्ड में कोई भी सरकारी राशन की दुकान नहीं है जिससे महिलाएं बहुत दूर से सर पर रखकर राशन लेकर जाती है ।

लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी से मैंने कई बार कहा आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई अभी दो दिन पहले ए आर ओ मोहम्मद याकूब ने मेरे सामने बिना जांच किए जिला पूर्ति अधिकारी के सामने कहा कि साहब वहां दो-दो सरकारी गल्ले की दुकानें हैं जबकि पूरे वार्ड में एक भी सरकारी राशन की दुकान नहीं है।

अब सरकारी गल्ले की दुकान वालों में पार्षद प्रतिनिधि चंद्रपाल राठौर से आश्वासन कर दिया है कि हम किसी भी लाभार्थी को कम राशन नहीं देंगे।

# अपना दल-एस ने की बरेली में जिला कार्यकारिणी समिति की घोषणा

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। अपना दल (एस) के बरेली इकाई ने हाल ही में आईएमए हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित करके जिला कार्यकारिणी समिति की घोषणा की। इस कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों और दायित्वों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट अनुज गंगवार ने की, जबकि मंच संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर निशांत सक्सेना और जिला महासचिव अजय गंगवार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला सचिव इंजीनियर मनीष कुमार ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अनुमोदित जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई और संबंधित लोगों को उनके मनोनयन पत्र वितरित किए गए।

जिला अध्यक्ष महिला मंच कंचनलता मिश्रा ने महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया, जबकि जिला अध्यक्ष युवा मंच अतुल पटेल ने युवाओं को पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश सचिव प्रोफेसर तलहा खान ने संगठन की कार्यकारिणी के बारे में जानकारी दी और जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव प्रोफेसर तलहा खान, जिला अध्यक्ष एडवोकेट अनुज गंगवार, प्रदेश सचिव व्यापार मंच नीरज मिश्रा, प्रदेश सचिव एससी एसटी मंच सतीश ऋषिवाल, प्रदेश सचिव विधि मंच एडवोकेट गजेंद्र पटेल, और मंडल अध्यक्ष आनंद मोहन पटेल जैसे वरिष्ठ नेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए।

कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के सदस्य, सभी मंचों के जिलाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्षगण और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और सदस्यों को उनकी भूमिकाओं के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था।

# बिथरी चार भैंस चोरी कांड के अपराधी गिरफ्तार

## एक कुल्हाडी, एक छुरी, बांका, रस्सी 18,600 रुपये, एक पिकअप गाड़ी के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली । थाना बिथरी चैनपुर ग्राम नवदिया झादा निवासी दिलीप पुत्र सतपाल ने एक तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर के आंगन से 4 भैंसें चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बिथरी चैनपुर, में अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक बिथरी चैनपुर द्वारा थाना पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर उड़ला नहर के पास जंगल में रास्ते से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त नईम पुत्र अनसार उर्फ अलीजान निवासी ग्राम पदारथपुर थाना बिथरी चैनपुर, मौहम्मद नवी पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी ग्राम उड़ला जागीर थाना बिथरी चैनपुर , इकवाल अली पुत्र पप्पू शाह निवासी ग्राम श्याम नगर गोटिया थाना बिथरी चैनपुर , सरीफ पुत्र शब्वीर कुरैशी निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना शाही को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से एक अदद कुल्हाडी, एक अदद छुरी, बांका व रस्सी व 18,600/- रुपये व एक पिकअप गाड़ी वढ25ऋछ4363 बरामद हुयी है। पिकअप गाड़ी को नियमानुसार सीज किया गया।

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों ने 22 जनवरी की रात्रि में ग्राम नवदिया झादा से 4 भैसे चोरी की थी। जिनको हम लोगो ने 40-40 हजार रुपये में मौहम्मद शानू पुत्र मौहम्मद रहीस अहमद निवासी ग्राम मुडिया जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली को बेचा था। जो रुपये मिले थे, हम सभी लोगों ने आपस में 10-10 हजार रुपये बांट लिये थे। अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में अन्य थानों व जनपदों से जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अभिषेक कुमार प्रभारी निरीक्षक, वउनि देवेन्द्र सिंह , उनि हरेन्द्र प्रताप सिंह , हेका तिरमल सिंह , कांस्टेबल मुर्तजा हसन मौजूद थे।

# जिले में बिना एस टीपी प्लांट चल रहे हैं अस्पताल

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कि साठ गांठ के चलते अधूरे मानक

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली.. आपको बता दे प्रदूषण नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड की छत्रछाया में जितने भी अस्पताल हैं जो 10 बेड से ऊपर के होते हैं मानक के अनुसार उसमें एस टी पी प्लांट अनिवार्य होता है लेकिन प्रदूषण विभाग किस साठ गाठ के चलते जिलेभर में जितने भी अस्पताल चल रहे हैं उसमें कुछ ही में एस टी पी प्लांट लगा हुआ है कुछ तो बिना एस टीपी प्लांट चल रहे हैं सुभाष नगर बदायूं रोड पर जितने भी अस्पताल हैं बिना एसटीपी प्लांट चल रहे हैं कुछ दिखावे के लिए लगा लिए लेकिन चालू नहीं है बाकी सारे अस्पताल बिना एस टी पी प्लांट के ही चल रहे हैं यह सारा मामला प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों के साठ गांठ के चलते चल रहे है कोई भी अधिकारी कर्मचारी ना तो इनका निरीक्षण करता है ना ही इन पर कोई कार्रवाई इस और ध्यान देने को तैयार नहीं कई बार इस मामले की जानकारी प्रदूषण अधिकारी से जानना चाहि लेकिन उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया भ्रष्टाचार में इतना संलिप्ट है प्रदूषण विभाग कि बिना मानकों के ही एनओसी जारी कर रहा है जिले में गिने चुने अस्पतालों में ही एसटीपी प्लांट लगे हुए हैं और कुछ में लगे होने के बाद भी एसटीपी प्लांट बंद पड़े हैं प्रदूषण विभाग ना तो समय-समय पर कोई चेकिंग करता है बाकी सब राम के भरोसे चल रहे है अब सब देखने वाली बात ही होगी कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के नए अधिकारी इन अस्पतालों पर कोई कार्रवाई करते हैं कि मामला पिछली बार की तरह ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है।

इस मामले में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक अधिकारी सुनील सिंह से एस टीपी प्लांट के बारे में जानकारी चाहिए तो उन्होंने भी कुछ बताने से इनकार कर दिया।

# माहवारी के बारे में खुलकर बात करने की जरूरत है: अश्वनी राजौरिया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कोमल फाउंडेशन द्वारा एवं मानसरोवर फाउंडेशन ट्रस्ट, गाजीपुर के सहयोग से सैनेटरी पैड्स वितरण कार्यक्रम का आयोजन संस्कारशाला, कबीर नगर, फिरोजाबाद पर किया गया।

कार्यक्रम में कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने सभी किशोरी बालिकाओं को माहवारी प्रबन्धन एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारियां विस्तार से प्रदान कर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अश्वनी कुमार राजौरिया ने माहवारी स्वच्छता के प्रति बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि माहवारी के बारे में खुलकर बात करने की जरूरत है, खासकर तब जब किशोरियों में इस प्रक्रिया की शुरूआत हो। पहली बार माहवारी के होने पर बच्चियों के मन में घबराहट, असमंजस, डर और चिंता भी उपजती है। इस समय होने वाला असंतुलन उन्हें और भी डरा देता है क्योंकि वे इसके बारे में कम जानती हैं। ऐसे में उन्हें सही और उचित जानकारी देना न केवल इस प्राकृतिक प्रक्रिया को लेकर उनके मन से असमंजस को हटा देता है, बल्कि उसे माहवारी के दौरान सामान्य जीवन जीने में भी मदद करता है।

कार्यक्रम में कोमल फाउंडेशन के अनिल कुमार वर्मा, भावना राठौर, विनीता राठौर, वन्दना कुमारी, रौनक कुमारी, रोली, मुस्कान, सुधा, दिव्या, प्रिया, मोहिनी, नेहा आदि बालिकाएं प्रमुख रूप से मौजूद रही।

# चंदौसी की महिला चिकित्सक पर लगा 5 लाख का जुर्माना

## 13 वर्ष की पैरवी के बाद मिला न्याय

**नेशनल एक्सप्रेस राहुल सक्सेना**

संभल-गर्भवती महिला की शल्यक्रिया के उपरांत स्वास्थ बिगड़ गया अस्पताल में फैले संक्रमण से महिला की महिला की मृत्यु हो गई मामला जिला उपभोक्ता आयोग पहुंचा तो आयोग ने अस्पताल व चिकित्सक को दोषी मानते हुए उन पर 5 लाख का जुमार्ना लगा दिया

अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय के अनुसार घर नारायणपुर देवा चंदौसी निवासिनी दीक्षा पत्नी भगवत शरण गुप्ता गर्भवती थी दिनांक 16 जुलाई 2012 को उसे प्रसवपीडा के उपरांत सुभाष रोड चंदौसी स्थित सुभाष रोड नर्सिंग होम में भर्ती कराया डॉक्टर सक्सेना ने




ऑपरेशन कराने की सलाह दी जिस पर डॉक्टर ने ऑपरेशन किया और लेकिन आपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ती चली गई लेकिन डॉक्टर ने मरीज को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर नहीं किया मरणासन्न स्थिति में मरीज के परिजन उसे एम्स दिल्ली ले गए चिकित्सकों ने बताया कि मरीज भयंकर संक्रमण से पीड़ित है इससे पहले मरीज का इलाज होता उसकी मृत्यु हो गई एम्स के चिकित्सकों ने मृत्यु का कारण नर्सिंग होम में फैले इन्फेक्शन को बताया जिस पर मृतक के पति ने जिला उपभोक्ता आयोग संभल में परिवाद योजित किया लगभग 13 वर्ष चले मुकदमे में अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय ने जिला आयोग को बताया कि स्वच्छ वातावरण देने अस्पताल विफल रहा और इन्फेक्शन फैलने से मरीज की मृत्यु हो गई मामले को गंभीर मानते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने डॉक्टर सक्सेना को आदेश दिया कि वे रू.5 लाख उस पर परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से भुगतान की तिथि तक 7 ब्याज अदा करे साथ ही रु 10 हजार वाद व्यय भी अदा करने के आदेश दिए।

# बृज की भूमि सर्वश्रेष्ठ : शिवराम जी महाराज

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी के स्टेशन रोड पर चल रही भागवत कथा श्री सत्यनारायण भगवान मंदिर पर रविवार को श्याम सुंदर शिवराम जी महाराज ने कथा वाचन करते हुए बताया कि भागवत स्वयं भगवान कृष्ण को बागमई मूर्ति है ' कृष्ण भगवान को माखन मिश्री का भोग लगाया कालीनाथ को नाथ यमुना जल से निर्मल किया महाराज जी ने बताया कि गिरिराज जी पूजा करते हुए जो गिरिराज जी की



परिक्रमा करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है, गिरिराज जी स्वयं कृष्ण का रूप है ' कार्य संकल्प हो जाते हैं ब्रज की महिमा बताते हुए कहा की ब्रजभूमि सर्वश्रेष्ठ, इस दौरान मुकेश, पीयूष, एसपी गुप्ता, राम अवतार शर्मा, पूनम, ज्योति, ने महाराज जी का स्वागत किया ' भागवत कथा में पूजा करते हुए सभी भक्तों ने व्यास जी का स्वागत किया ।

# मुकदमा में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना जुनावई-दिनांक 20.12.2024 को थाना जुनावई पर पीड़ित वीरेश पुत्र रामपत निवासी ग्राम रजवाना थाना जुनावई जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा पीड़ित के साथ दुकान पर सामान लेने जाते समय रास्ते में रोककर मारपीट करना जिससे वादी का घायल हो जाना के सम्बन्ध में थाना जुनावई पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ' रविवार को थाना जुनावई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदम में वांछित अभियुक्त इंद्रपाल, 2. महिपाल निवासीगण ग्राम रजवाना थाना जुनावई जनपद सम्भल को बंगाली कालोनी चौराहा ग्राम रजवाना के पास से टीम-उ0नि0 अजय कुमार थाना जुनावई जनपद सम्भल,का0 राहुल कुमार,का0 जगत सिंह । के द्वारा गिरफ्तार का न्यायालय भेजा गया।

# 3183 रोगियों का नि:शुल्क उपचार कर, 142 लाभार्थियों के बनाए गोल्डन कार्ड




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**


सम्भल। रविवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 04 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 187वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 35 चिकित्सकों एवं 117 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 3183 रोगियों (पुरुष रोगी-1234; महिला रोगी- 1158 एवं 791 बच्चों) का निःशुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 142 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये गये।जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 184, चर्म रोग के 413, दमा के 287, मधुमेह रोग के 28, नेत्र रोग से सम्बन्धित 31 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। उक्त के सम्बन्ध में 54 रोगियों की मलेरिया जाँच की गयी तथा 10 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमें 01 रोगी को मलेरिया को पॉजीटिव पाया गया ।जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये।जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा॰ तरूण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# खेतों से ट्यूबवेल के स्टार्टर व तार की चोरी खुली नहीं थी

## थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियां, लगाम लगाने में नाकाम सम्भल पुलिस

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चन्दौसी : इस थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियां, लगाम लगाने में नाकाम पुलिस , प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं इसके बावजूद भी जिले में कानून व्यवस्था लाचार दिखाई दे रही है ।थाना बानियाठेर की नगर पंचायत नरौली के मौहल्ला मुल्लाना में रात साले की शादी मे गये परिवार के यहाँ पर दो लाख रुपए नगद सहित कीमती सामान की चोरी कस्बे का मौहल्ला मुल्लाना के मौहम्मद फरीद पिता का नाम मौहम्मद हनीफ घर में गेट के बराबर से परचूनी की दुकान पर बैठते है ।पीडित ने बताया कि रात नौ बजे हम अपने परिवार के साथ साले की शादी इस्लाम नगर गये थे।रात बारह बजे के बाद वापस आये और जैसे ही मैन गेट घर के अन्दर गये तो देखा कि अलमारी खुली पडी है और सब सामान बिखरा पडा था ।पीछे देखा तो जीने का गेट खुला था चोर



छत के रास्ते से आये अलमारी रखे लाख रुपए नगद व एक कीमती सामान चोर चोरी करके ले गए ।घर के बाहर जो दुकान है उसका एक गेट अन्दर से भी है चोरो ने **दुकान के गल्ले से भी लगभग चार हजार रुपए भी निकल लिये है ।तीन दिन पहले:** गुरुवार को चोरों 7 ट्यूबवेल पर वारदातों को अंजाम दिया है । ट्यूबवेल की तार, स्टार्टर, ग्रीफ चोरी कर ले गए और थाना बनियाठेर की नगर पंचायत नरौली की ग्राम पंचायत वहेटा साहू के रकवे मे एक ही रात में आठ ट्यूबवेलों पर चोरी कर ले गए चोर छह के स्टार्टर केबिल चोरी कर ले गए थे । थाना बानियाठेर नरौली के सराय सिकंदर वाले रास्ते पर वहेटा साहू के रकवे में एक ही रात आठ ट्यूबवेलों पर चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ।राजेश राघव कल्यान सिंह सोनू राघव शैलेश कुमार सिंह बब्लू सिंह राघव अजय प्रताप सिहं मुकेश राघव सुखवीर सिंह इन सब के ट्यूबवेलों से छह स्टार्टर की कीमत लगभग चालीस हजार रुपए बताई जा रही है । लगभग सत्तर मीटर केबिल की कीमत लगभग चार हजार रुपए है ज्यादा है एक स्प्रे मशीन एक कुल्हाड़ी भी ले गये इसके अलावा मीटर कटआउट्स भी तोड़े गए हैं । ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है ।अभी तक यह चोरी खुली नहीं थी । रविवार को दूसरी चोरी हो गई पुलिस पर सवालिया निशान खड़े होते हैं । कि आखिर पुलिस क्या कर रही है ।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी कार्य में बाधा डालना व कर्मचारियों से अभद्रता करने का आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /संभल पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जनपद संभल में रविवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए गए अभियान में 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना बहजोई-जिसमे दिनांक 06.02.2025 को थाना बहजोई पर पीड़ित रोहित कुमार अवर अभियन्ता के0वी0 बहजोई की तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा विधुत विभाग की टीम के साथ बिल के बारे में पूछने पर मारपीट करना तथा सरकारी दस्तावेज फाडकर सरकारी कार्य में बाधा डालना के सम्बन्ध में थाना बहजोई पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।रविवार को थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा मु0 बीएनएस में वांछित अभियुक्त शंकर उर्फ हरिशंकर, विनोद को श्रीनगर कनैटा बिजलीघर के पास से उ0नि0 संदीप कुमार थाना बहजोई जनपद सम्भल, है0का0 प्रमोद कुशवाह,का0 हिमांशु । के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया '

### अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जनपद संभल में रविवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए गए अभियान में अवैध शस्त्र के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार थाना धनारी-रविवार को थाना धनारी पुलिस टीम द्वारा गस्त व चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अवधेश निवासी ग्राम गढा थाना धनारी जनपद सम्भल को एक अवैध तमंचा 315 बोर के साथ ग्राम भैयापुर व आर्थल चौराहे के बीच मन्दिर के पास बने टीन शेड से उ0नि0 सुनील कुमार भाटी थाना धनारी जनपद सम्भल,है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 बादशाह खान,का0 राजकुमार के द्वारा गिरफ्तार का न्यायालय भेजा।

# महिला ने टेंपू चालक पर सामान चोरी करने का लगाया आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

चंदौसी थाना चंदौसी क्षेत्र की रहने वाली महिला मेहराज पिता का नाम साबिर हुसैन मोहल्ला लक्ष्मनगंज ने बताया कि शनिवार की दोपहर 1:00 महिला शक्ति नगर चौराहा पेट्रोल पंप के पास से टेंपो से संभल अपनी बहन के घर जाने के लिए बैठी महिला के पास एक बैग जिसमें महिला ने बताया एक सोने का नेकलेस व 50000 रुपए नगद और दो अंगूठी थी सोने की अनुमानित मूल्य करीब 2 लाख बताया महिला ने बताया जैसे ही वह टेंपो में उसने अपने पास बैग को रख कर बैठी ' तभी टेंपो चालक ने कहा बाग अपना आप टेंपो की छत पर रख दो ' महिला ने कहा इसमें मेरी कीमती चीज और पैसे हैं ' फिर भी टेंपो चालक ने कहा आप अपने बैग को टेंपो की छत पर रख दो महिला ने बताया जैसी ही टेंपो नरौली पहुंचा टेंपो चालक ने कुछ देर टेंपो नरौली में खड़ा किया और अपने साथ के दो युवको को बुलाया और उसमें बात करने लगा उसके बाद टेंपो चालक संभल के लिए चल दिया महिला जैसे ही संभल पहुंची ' महिला ने घर जाकर बैग खोला और देखा बैग में रखा सामान व पैसे बैग के अंदर नहीं थे अंगूठी व नेकलेस का खाली डिब्बा निकाला इस घटना के बाद महिला जल्दबाजी में अपनी बहन के लड़के के साथ मोटरसाइकिल से जल्दबाजी में चंदौसी आ रही थी ' जल्दबाजी के चक्कर में युवक की बाइक जनेटा में फिसल गई ' जिस महिला गंभीर रूप से घायल हो गई उसके बाद उसी जगह पहुंची जहां से टेंपो में बैठी थी ' महिला ने आसपास लोगों से जानकारी की लेकिन कुछ नहीं पता लग पाया उसके बाद महिला ने डायल 112 पर पुलिस को फोन किया मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने महिला को कोतवाली भेज दिया ' उसके बाद पुलिस ने रविवार को महिला के बताए हुए टेंपो के बारे में जिसका नंबर वढ 38अळ2207 टेंपो नंबर के आधार पर टेंपो चालक को थाने लाया गया और पूछताछ की जा रही है ' चंदौसी कोतवाली प्रभारी द्वारा बताया गया कि महिला की केवल टेंपो चालक से कहां सुनी हुई थी जिसके आधार पर आरोपी का 151 में चालान कर दिया गया है ' और जांच भी की जा रही है।

# एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**नेशनल एक्सप्रेस**



बिजनौर/नजीबाबाद। भारतीय जनता पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकताओं ने दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। साथ ही दिल्ली चुनाव में इस ऐतिहासिक जीत पर दिल्ली के सभी सम्मानित मतदाताओं, कार्यकताओं का आभार जताया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नजीबाबाद के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने कहा कि यह जीत दिल्ली के प्रत्येक कार्यकर्ता की समस्त मतदाताओं की व शीर्ष नेतृत्व के परिश्रम की जीत है। संदीप तायल ने कहा कि हम सब इस जीत पर बहुत उत्साहित हैं दिल्ली चुनाव में प्रत्येक व्यक्ति मतदाता ने जो आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को दिया है हम सब उसके लिए आभारी हैं। यह जीत भ्रष्टाचार पर अंकुश की जीत है जिन्होंने दिल्ली की जनता को स्वच्छ वातावरण स्वच्छ पानी स्वच्छ सड़के नहीं दी यह उसकी हार है। पर हमारा और दायित्व बढ़ जाता है भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस जीत को अपनी जिम्मेदारी मानकर मतदाताओं की मनशा पर खरा उतरना ही हमारी जीत का मंत्र होगा। इस अवसर पर नकुल अग्रवाल संदीप तायल, संजय सैनी, अभिषेक यादव, हिमांशु तायल, बिट्टूभटनागर, शिवम अग्रवाल, हार्दिक अग्रवाल, फहीम अंसारी, रिजवान सैफी, डॉ राजू घाघट, कलवा शेख मंसूरी, सुविधा भटनागर, गीता, गीता राज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उधर नजीबाबाद में दिल्ली जीत पर भाजपा कार्यकताओं ने उत्सव मनाते हुए मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा डॉ रितेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पिछड़ा मोर्चा अरविंद विश्वकर्मा, अवनीश जोशी, शुभम जोशी, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा जाहिद हुसैन, विधानसभा प्रभारी संदीप तायल, तनिष्का सिंह, युवी चैधरी, महताब खान आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष बने राहुल सक्सेना

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा में सम्भल जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाइयां मिल रही है सक्सेना को

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

सम्भल चन्दौसी । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के ब्रिगेडियर अनिल कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठराष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष ने और डॉ अनूप श्रीवास्तव पूर्व प्रधान आयुक्त भारत सरकार राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्रीवास्तव ने समाज को मजबूती प्रदान करने में राहुल सक्सेना को कायस्थ महासभा का जिला अध्यक्ष सम्भल नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर कायस्थजनों ने खुशी जाहिर



की है। जिलाध्यक्ष का पद संभालते हुए नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राहुल ने कहा की सबसे बुद्धिजीवी समाज को संगठित करना एक चुनौती है। अपने पूरे कार्यकाल में समाज को संगठित करने के साथ सशक्त और मजबूत करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर एडवोकेट शिवा सक्सेना , श्वेता सक्सैना ,अंकुर सक्सेना ,हिमांशु सक्सेना,कई लोगों ने बधाई दी है।

# डीएसएम शुगर मिल के मंदिर में धूमधाम से कराई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा


**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। रविवार को डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में मंदिर में धूमधाम से कृष्ण भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।तीन दिवसीय पूजन कराते हुए, भगवान कृष्ण की मूर्ति के साथ शुगर मिल कॉलोनी में रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के पूरे परिवार के साथ कलश यात्रा निकाली गई, मंगल गीत, भक्ति गीत में झूमते हुए सभी भक्तों ने भगवान कृष्ण को याद किया।

तीसरे दिन भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करा कर विधिपूर्वक हवन कराने के बाद भंडारा कराया गया जिसमें पूरी फैक्ट्री के अधिकारी और कर्मचारी सपरिवार के अलावा किसानों के साथ जो भी फैक्ट्री में था सभी ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया ।

पूजन में मुख्य यजमान के रूप में देवेंद्र पाठक और पूजा पाठक ने कराया पंडित के रूप में आचार्य शिवभक्त शर्मा ने पूजन कराया शुगर मिल के यूनिट हेड





आशीष कुमार शर्मा और उनकी पत्नी पारुल शर्मा, ओजश शर्मा के अलावा इकबाल सिंह, राजन कुमार दीक्षित, अमित अग्रवाल,संजीव कुमार, सुधीर त्यागी, अवतार सिंह, अंचल बिंदल, संतोष कुमार, संजीव आई टी, अमित चौहान, अजीत सिंह, देवानंद तिवारी, पंकज गुप्ता, देवेंद्र मलिक, ऋतुराज सिंह, लवीश कुमार, निर्भय सिंह सिद्धार्थ शर्मा, विमलेश त्रिपाठी , ध्रुव चौधरी, आशुतोष राय, मृदुल शर्मा, महावीर सिंह, महिलाओं में निशा अग्रवाल, सिखा त्यागी,इंदु बिंदल, अंशु, शैली सिंह, निधि तिवारी, मंजू, सुषमा, रंजू, रीना अहलावत,रिद्धिमा, अंजली, वैशु, पलक इत्यादि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आओ एक दीया जलाएं

**आर्थिकी** और विकास के गठजोड़ पर हिमाचल की सूरत सुधारने का एक बड़ा ख्वाब 'हिमाचल-2045 संगोष्ठी श्रृंखला' लेकर आ रही है। मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासनिक संस्थान (एमएसएचआईपीए) के तत्वावधान में होने जा रही तीन दिवसीय संगोष्ठी में नीति दस्तावेज तैयार होगा। हिमाचल में थिंक टैंक की परिभाषा के प्रशासनिक स्वरूप को संवारने के लिए कुछ राष्ट्रीय हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि चर्चाओं के दौर में विकास का ग्रंथ लिखा जा सके। हिमाचल के ढर्रे को बदलने के लिए किश्तियां तो मिल जाएंगी, मगर दरिया में तैर चुके लोगों को पतवार थमाएं तो जानें। यानी प्रदेश की हकीकत का वर्तमान, जिन लोगों की साझी विरासत है, उनसे भी पूछा जाए कि टापू कहां है। हिमाचल के भविष्य में पर्यावरण चेतना, एक लाजिमी चरित्र है, लेकिन हमारी वकालत की जमीन पर जंगल खड़ा है। एक प्रदेश जिससे सत्तर फीसदी जमीन पर्यावरण के नाम पर छीन ली गई हो, उसके विकास, निजी निवेश, भविष्य के अधिकार, खेतीबाड़ी, बागबानी, उद्योग, बाजार, शहरी विकास, अधोसंरचना निर्माण और आवासीय सुविधाओं के लिए तीस फीसदी भूमि पर निर्वहन करना अति कठिन है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति का महज विकास से उत्थान नहीं होगा, यहां सामाजिक चरित्र और राजनीतिक परिदृश्य को बदलना पड़ेगा। हिमाचल ने विकास की चादर से पांव बाहर निकाले, तो कुछ ऐसा ढांचा बन गया जिसे ढोना मुश्किल है। दरअसल राष्ट्रीय नीतियों में पर्वत की पीड़ा ही दर्ज नहीं हुई। यह इसलिए कि पर्वतीय विकास मंत्रालय जैसा कोई स्वतंत्र विभाग नहीं बना। जम्मू-कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश के पर्वतीय परिवेश तक को समझने के लिए अगर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के संदर्भ दिखाई देते, तो हर योजना का महत्त्व बढ़ जाता। मसलन पर्वतीय विकास के मानदंड पूरी तरह मैदानों से भिन्न और लागत में अधिक हैं। इसलिए यहां अलग तकनीक, पर्यावरण मैत्री विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान की अलग दृष्टि चाहिए। अगर शिमला की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए रोपवे परियोजना अब कहीं जाकर आकार ले रही है, तो इसी तरह की रूपरेखा में कितने ही अन्य शहर भी कदमताल कर सकते हैं। वाजपेयी सरकार ने हिमाचल को औद्योगिक पैकेज देकर इस राज्य को फार्मा हब की रूपरेखा में सुसज्जित कर दिया, तो राष्ट्र को पर्वतीय राज्यों के लिए सॉफ्ट प्रोफेशन, कनेक्टिविटी, पर्यावरण, जल एवं जलवायु पैकेजों के तहत चिन्हित करना होगा।

हमारा विकास कंक्रीट का पहाड़ खड़ा करना तो नहीं है, फिर भी हिमाचल को पर्यटन, सांस्कृतिक, सूचना-प्रौद्योगिकी, खेल-साहसिक खेल, ट्राइबल, जैव विविधता, वन तथा जल राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। देश स्वीकार करे कि पानी, जलवायु, मौसम-चक्र और वनों के मार्फत हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों का राष्ट्रीय सम्मान होना चाहिए। बड़ी बांध परियोजनाओं के डूब क्षेत्र में उजड़े हिमाचली आज भी विस्थापन के मरुस्थल से लड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हिमाचल की अपनी आर्थिक क्षमता नहीं है। देश भर के प्रवासी मजदूर, रेहड़ी-फड़ी, फेरीवाले तथा व्यापारी अगर यहां से कमाकर घर को पाल रहे हैं, तो हम ऐसी क्षमता के अनुरूप रोजगार की परवरिश नहीं कर पाए। दूसरी ओर पढ़ाई के जिस स्रोत से बच्चों ने डिग्रियां प्राप्त कीं, उसे संवारने का रोजगार राज्य में पैदा नहीं हुआ। अगर आधा दर्जन आईटी पार्क स्थापित कर लिए होते, तो रोजगार के साथ-साथ हमारी शहरी आर्थिकी को चार चांद लग जाते। आज भी हिमाचल का शहरीकरण रोजगार पैदा कर रहा है। रिटेल मार्केटिंग, ऑनलाइन मार्केटिंग और पर्यटन मार्केटिंग से ही निजी क्षेत्र में रोजगार बढ़ रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों के साथ-साथ निजी निवेश को प्रेरित करना होगा। हिमाचल के हर शहर के चारों छोर पर वन विभाग से बड़े-बड़े मैदानों के विकास की अनापत्ति चाहिए। तमाम फोरलेन के किनारे कम से कम आधा दर्जन नए निवेश शहर, नए पर्यटक स्थल, साइंस सिटी, ट्रांसपोर्ट नगर और कला एवं संस्कृति गांव विकसित करने चाहिएं। प्रदेश के प्रमुख सात मंदिरों के परिसर को धार्मिक नगरियों की तरह विकसित करके पांच हजार करोड़ की आर्थिकी का ढांचा सुदृढ़ करना होगा। तमाम खड्डों व नालों का चैनलाइजेशन करते हुए रेत-बजरी का वैज्ञानिक दोहन करना होगा तथा उपलब्ध जल का अपने वार्षिक व्यय के हिसाब से संग्रहण करना होगा। प्रदेश को अपने शैक्षणिक आधार में उद्यमशीलता भरते हुए युवाओं को स्वरोजगार, नवाचार और स्टार्टअप की दिशा में प्रेरित करना होगा। स्कूल व कालेज में ही शिक्षा से स्वरोजगार की अवधारणा पैदा करनी होगी। मसलन अगर नगरोटा सूरियां कालेज को मत्स्य अध्ययन व व्यवसाय का कालेज बना दिया जाए, तो वहां की कार्यशाला में इससे संबंधित उत्पाद बनाकर छात्र अपने जीवन में स्वावलंबन का पाठ भी सीख जाएंगे।

## (जीवन दर्शन)

# भारतीय संस्कार बनाम पश्चिमी जीवन शैली



संजीव ठाकुर

> भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।



अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था । धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।

पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकर्ताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकर्ताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था।

भारतीय विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा,बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरुआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा,विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तरीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी।

विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था ।एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था। प्रभाव तथा कुरीतियों से सबसे ज्यादा सजा महिलाएं बालिकाएं तथा बच्चों को ही मिल रही थी। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन ने शिक्षा धर्म तथा आदर्शों के मूल्यों में सुधार लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। पाश्चात्य शिक्षा से अंधविश्वास के बदले बुद्धि विवेक और तर्क ने वैज्ञानिक विचारधारा के हिसाब से जीवन यापन करने की पद्धति से अवगत कराया था। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन के कारण ही भारत में ईसाई धर्म समाज की स्थापना हो पाई थी। ईसाइयत का भारत में जन्म अंग्रेजों के आने के बाद ही हुआ था। पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा से भारतीय महिलाओं पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। उनकी शिक्षा-दीक्षा रहन सहन तथा व्यवहार में काफी परिवर्तन आया तथा भारतीय महिलाओं ने खुली हवा में सांस लेने के अवसर भी तलाशना शुरू कर दिया था। और आज भारत में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय जनमानस में पाश्चात्य सभ्यता का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा।

जीवन में विकास भी हुआ, और नागरिकों को नए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी साक्षात्कार हुआ। पर इसके साथ पाचल सभ्यता ने भारत को बहुत सारी विकृतियां भी प्रदान की है। जैसे स्त्रियों का खुलापन, नशे की खुली लत एवं महिलाओं तथा पुरुषों का वासनायुक्त खुला व्यवहार, अशोभनीय स्तर पर आ गया है। नशे की अधिकता,महिलाओं के खुले व्यवहार को देखकर आने वाली पीढ़ी की नैतिक शिक्षा में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। इसमें भारतीय शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति के दर्शन के अध्यापन की भी महती आवश्यकता है।

## 10 फरवरी :इतिहास की अहम घटनाएं

1961 कनाडा में नियाग्रा जलप्रपात की पनबिजली परियोजना से बिजली का उत्पादन शुरु हुआ।

1962 रॉय लिचेंस्टीन की पहली एकल प्रदर्शनी खुली, और इसमें लुक मिक्की को शामिल किया गया, जिसमें बेन-डेडोट्स, भाषण गुब्बारे और कॉमिक इमेजरी सोर्सिंग के अपने पहले रोजगार को चित्रित किया गया था, जिसके लिए वह अब जाना जाता है।

1962 एफबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए एक सोवियत जासूस रुडोल्फ एबेल का गैरी पॉवर्स के लिए आदान-प्रदान किया गया था, जो कि दो साल पहले सोवियत हवाई क्षेत्र में गोली मार दी गई थी।

1964 रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी एयरक्राफ्ट कैरियर HMAS मेलबर्नकोलॉजिस्ट ने ऑस्ट्रेलिया के जर्विस बे में विध्वंसक HMAS मल्लाह के साथ भाग लिया और 82 सैनिकों की मौत हो गई।

1991 मुक्केबाजी की दुनिया के सबसे सफल खिलाड़ी रहे माइक टाइसन को बलात्कार का दोषी पाकर 6 साल की सजा सुनाई।

1992 खतरनाक महिलाओं के अंतिम एपिसोड को टीवी पर WWOR में प्रदर्शित किया गया था।

1993 माइकल जैक्सन ने एबीसी पर ओपरा विनफ्रे के हवा में बात की और 39.3 रेटिंग / 56 मिलियन के बारे में 90 मिलियन लोगों के आश्चर्यजनक रूप से आकर्षित किया।

1996 आईबीएम के सुपर कंप्यूटर डीप ब्लू ने पहली बार शतरंज में गैरी कास्परोव को हराया।

1996 आईबीएम के सुपर कंप्यूटर डीब ब्लू ने शतरंज में वर्ल्ड चैम्पियन मैरी कास्परोव को पहली बार हराया।

1997 इस दिन 5 वें वार्षिक ESPY पुरस्कार हुए।

2003 नामीबिया ने पहला अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच खेला।

2006 इटली के ट्यूरिन में 20 वा शीतकालीन ओलंपिक खेल शुरू किया गया।

2008 दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय खजाने में सबसे पहले सियोल में नाम्डमुन गेट पर आगजनी हुई, जिसमें आग लग गई।

2009 एक रूसी और अमेरिकी आधिकारिक उपग्रह की टक्कर के कारण, साइबेरिया के ऊपर बड़ी मात्रा में अंतरिक्ष मलबे का निर्माण किया गया था।

2009 लो अर्थ ऑर्बिट में दो अक्षुण्ण उपग्रहों के बीच पहली आकस्मिक हाइपरवलेंस की टक्कर तब हुई जब इरिडियम 33 और कोस्मोस -2251 आपस में टकरा गए और नष्ट हो गए।

2010 10 फरवरी, 2010 के पहले सप्ताह में, अफगान अधिकारियों ने हिंदू कुश पर्वत में सलांग दर्रे में हिमस्खलन से मारे गए लोगों के 150 शवों को निकाला।

2011 क्यूबा में एक अंडरसिअर फाइबर ऑप्टिक केबल आ गया है, जो इसे वेनेज़ुएला से जोड़ता है, जब उसने ऐसा करने से इंकार कर दिया तो क्यूबा ने अपने इंटरनेट हंगामे को तेज करने में मदद की।

2012 कोपेनहेगन की बिल्लियाँ नामक एक कहानी को 'आक्रोश' के रूप में जाना जाता है, जो कि जेम्स जॉयस द्वारा चॉल्ड्रेंस द्वारा पहली बार प्रकाशित की गई है।

2013 2013 में, लंदन 66 वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कारों की मेजबानी करता है, जहां go अर्गो 'नामक फिल्म द्वारा सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीता गया और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार इमैनवेल रीवा और डेविड डे लुईस ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता।

2014 यमनी के राष्ट्रपति अब्दराबुभ मंसूर हादी और देश के मैन पोर्टल पार्टियों के कुछ प्रतिनिधियों के साथ यमन को छह क्षेत्रों वाले महासंघ के देश में परिवहन के रूप में स्वीकार करने के लिए सहमत हुए।

## समसामयिक

# पहचान की राजनीति और मराठी की अनिवार्यता



ऋषभदेव शर्मा

**महाराष्ट्र** सरकार द्वारा हाल ही में सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों में मराठी भाषा के अनिवार्य उपयोग को लेकर जारी आदेश महाराष्ट्र की भाषाई विरासत को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नीति परिवर्तन तो है ही। किसी हद तक क्षेत्रीय पहचान की राजनीति के उभार का प्रतीक भी है।इस आदेश के तहत राज्य के सभी सरकारी और अर्ध-सरकारी, सरकारी निगमों और स्थानीय निकायों में अधिकारी और कर्मचारी अब मराठी में ही 'संवाद' करेंगे। इस नियम का उल्लंघन करने पर 'अनुशासनात्मक कार्रवाई' का प्रावधान रखा गया है। नागरिक उन अधिकारियों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करा सकेंगे जो इस आदेश का पालन न करते हों।

ग़ौरतलब है कि अब से महाराष्ट्र के सरकारी कार्यालयों में सभी प्रस्ताव, पत्राचार, टिप्पणियाँ, आदेश और संदेश मराठी में ही होंगे। इसके अलावा, सरकारी कार्यालयों में प्रस्तुतियाँ और वेबसाइटें भी मराठी भाषा में ही संचालित की जाएँगी। सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, राज्य-निगमों और अनुदान प्राप्त कार्यालयों के कर्मचारी जब किसी आगंतुक से बात करेंगे, तो उन्हें मराठी में ही संवाद करना होगा। हाँ, अन्य राज्यों या विदेशों से आने वाले आगंतुकों को इस नियम से छूट दी गई है।इसके अतिरिक्त, सभी सरकारी कार्यालयों में मराठी भाषा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष बोर्ड लगाए जाएँगे। राज्य सरकार के आदेश के अनुसार, यदि कोई अधिकारी मराठी में संवाद नहीं करता है, तो संबंधित कार्यालय या विभाग के प्रमुख से इसकी शिकायत की जा सकती है। यदि उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो मराठी भाषा समिति के पास अपील करने का भी प्रावधान रखा गया है।कहा जा रहा है कि यह आदेश केंद्र सरकार की त्रिभाषा नीति के अनुरूप भी है, जिसके तहत राज्य में केंद्र सरकार के कार्यालयों और बैंकों में सूचना पट्ट, अधिकारी नामपट्ट और आवेदन पत्रों को मराठी में प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है।

कहना न होगा कि यह नीति कई मायनों में महत्वपूर्ण है। एक ओर, यह महाराष्ट्र की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने का प्रयास है। मराठी महाराष्ट्र की आधिकारिक भाषा है और इसे प्रशासनिक मामलों में प्रमुखता देने से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि भाषा की प्रासंगिकता बनी रहे।लेकिन दूसरी ओर, इस आदेश के कुछ व्यावहारिक और सामाजिक पहलू भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महाराष्ट्र एक विविधतापूर्ण राज्य है, जहाँ बड़ी संख्या में गैर-मराठी भाषी लोग भी रहते और काम करते हैं। ऐसे में यह आदेश बहुत से सरकारी अधिकारियों और नागरिकों के लिए चुनौतीपूर्ण और असुविधाजनक हो सकता है। जो अधिकारी मराठी में निपुण नहीं हैं, उनके लिए इस नियम का पालन करना कठिन हो सकता है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में बाधा आ सकती है। अतः सरकार को गैर-मराठी भाषी अधिकारियों को मराठी भाषा का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे आदेश का पालन कर सकें।

इसी तरह, जो नागरिक मराठी नहीं जानते, उन्हें सरकारी सेवाओं तक पहुँचने में हिचक और कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। देखना होगा कि समाज का ग़ैर-मराठी भाषी हिस्सा वंचित और असुरक्षित महसूस न करे। इसके अलावा, नागरिकों को यह अधिकार दिया गया है कि वे उन अधिकारियों के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं जो मराठी में संवाद नहीं करते। यह अधिकार उन्हें सशक्त बनाता है। लेकिन यह प्रशासनिक तंत्र पर अतिरिक्त दबाव भी डाल सकता है। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने होंगे कि इस प्रावधान का दुरुपयोग न हो।इस नीति का केंद्र सरकार की त्रिभाषा नीति से तालमेल कैसे बैठेगा, यह भी एक बड़ा सवाल है। त्रिभाषा सूत्र के तहत हिंदी, अंग्रेज़ी और संबंधित क्षेत्रीय भाषा के प्रयोग की वकालत की जाती है, लेकिन महाराष्ट्र सरकार के आदेश में मराठी को ही प्राथमिकता दी गई है। इससे राज्य में कार्यरत केंद्र सरकार के कार्यालयों और बैंकों के लिए समायोजन की चुनौती उत्पन्न हो सकती है।

# आस्था के धरातल पर अहंकार का तांडव

## भविष्य की आहट



डा. रवीन्द्र अरजरिया

वैदिक साहित्य में महाकुम्भ को सर्वोच्च साधनाकाल के रूप में परिभाषित किया गया है। प्रयागराज में चल रहा वर्तमान कालखण्ड नये-नये विवादों के कारण सुर्खियों के बना हुआ है। धर्म के मुद्दे पर विवादास्पद वक्तव्यों का बाजार गर्म है। कुम्भ को लेकर राजनैतिक माफियों की वोट बटोरो नीति के तहत चल रहे शब्द युध्द के अलावा सनातन के ठेकेदारों की फौजें आपस में भिडकर अध्यात्म के धरातल पर अहंकार का तांडव करने में जुटी हैं। एक ओर संसद में भगदड से हुई मौतों पर तीखी बहस हो रही है तो दूसरी ओर मृत्यु पर उपवास और मोक्ष की प्राप्ति पर तलवारें खिचीं हैं।

ज्योतिर्मठ के 46 वें शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द जी सरस्वती ने जहां संसद में कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी व्दारा भाजपा नेताओं पर लोगों को साम्प्रदायिक आधार पर बांटने वाले आरोप का समर्थन किया है वहीं श्रीबागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के व्दारा प्रयागराज भगदड में मरने वालों को मोक्ष की प्राप्ति वाले बयान का विरोध किया। ज्ञातव्य है कि ज्योतिर्मठ के पूर्व शंकराचार्य और स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द जी सरस्वती के गुरु स्वामी स्वरूपानन्द जी सरस्वती अपने जीवनकाल में कांग्रेस के पक्षधर होने के आरोपों में घिरे रहे। कहा तो यहां तक जाता है कि उन्होंने सनातन संस्कृति को तार-तार करते हुए देश की चार पीठों में से दो पर कब्जा जमा लिया था। ज्योर्तिमठ के साथ-साथ उन्होंने व्दारकामठ का सिंहासन भी हथिया लिया था। इस प्रकार चार पीठों पर पहली बार लम्बे समय तक तीन ही शंकराचार्य आसीन रहे। चर्चा है कि गुरु के पदचिन्हों पर चलते हुए ज्योतिर्मठ के वर्तमान शंकराचार्य भी निरंतर विवादों में घिरे रहते हैं।

दूसरी ओर श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का भगदड में मरने वालों की मोक्ष प्राप्ति वाला बयान भी अंधविश्वास में जकडा हुआ है। इस विवाद के दौनों पक्षों को जनआलोचना का शिकार होना पड रहा है। सत्य को जानने के लिए गुरु के सानिध्य में कठिन प्रयासों की आवश्यकता होती है। सनातन की मानवीय व्याख्याओं का प्रमाणीकरण तो परा विज्ञान के अद्भुत प्रयोगों पर आधारित है जहां अंधविश्वास का कोई स्थान नहीं है। परा विज्ञान के अनूठे सिध्दान्तों का प्रतिपादन करके आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं। मोक्ष की अवधारणा का विश्लेषण तो गूंगे से गुड का स्वाद जानने की कोशिश है। जो चला वही पहुंचा। लक्ष्य स्वयं चलकर नहीं आता, उस तक पहुंचने का उद्यम करना पडता है। शाश्वत के साथ एकाकार होना ही मोक्ष की परिणति है। ऐसी स्थिति शारीरिक अस्तित्व के साथ भी प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमद्भगवत गीता में पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को शरीर में रहते हुए भी मोक्ष प्राप्ति के उपाय सुझाये थे। ऐसे में किसी स्थान विशेष पर मृत्यु हो जाने से आत्मा के मोक्षीकरण की घोषणा को सत्य कदापि नहीं माना जा सकता। अभी तक महाकुम्भ में इस तरह के अनेक विवादों ने जन्म लिया। कभी किन्नर अखाडे में महामण्डलेश्वर की उपाधि पर प्रश्नचिन्ह अंकित हुए तो कभी पूजा विधान पर सवालिया निशान लगे। कभी सर्वोच्च बनने का दावा सामने आया तो कभी हिन्दुत्व के ठेकेदारों ने आपस में ही ताल ठोक ली। कहीं कल्पवास की कालगणना पर मतान्तर स्थितियां निर्मित हुईं तो कहीं वीआईपी घाट को लेकर आक्रोश दिखाई दिया। सर्वस्व त्यागकर स्वयं का पिण्डदान करने वालों की महात्वाकांक्षा का पुनर्जागरण 144 वर्ष बाद दुर्लभ योग वाले महाकुम्भ में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जब संसार को छोड दिया, काया का पिण्डदान कर दिया, जन्म के कुटुम्ब को त्याग दिया, शाश्वत लक्ष्य को स्वीकार किया तब पदवी की आकांक्षा, दूसरों की उपलब्धियों पर ईष्या, जलन की भावना का प्रदर्शन, अपने से वरिष्ठ पर टिप्पणी, ज्ञानी होने का दम्भ, तपस्या का अभिमान और ख्याति की मृगमारीचिका के पीछे दौडते हुए सर्वोच्च पद पाने की इच्छा जैसे तामसी विकारों के मायाजाल में जकडे व्यक्ति को संत, साधु या सन्यासी कहना कहां तक समाचीन है? परा विज्ञान के प्रारम्भिक सूत्रों में महारत हासिल कर लेने वाले संसार के सामने भले ही सिध्द बनकर उभर रहे हैं परन्तु अध्यात्म जगत में वे एक सामान्य मानव तक की पहचान खो चुके होते हैं। प्रत्येक चमकदार वस्तु हीरा नहीं हो सकती। वैदिक साहित्य में सामान्य साधुओं की पात्रताओं का निर्धारण किया गया है। निन्दा और स्तुति, सम्मान और अपमान, अपेक्षा और उपेक्षा, सर्दी और गर्मी, दिन और रात में सम रहने वाले व्यक्ति को ही साधक मार्ग का पथिक कहा जा सकता है। विभेद, विभाजन और विव्देष जैसे कारकों को अंगीकार करके काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के पाश में जकडे भगवांधारियों को आत्म-चिन्तन करना होगा अन्यथा आने वाले समय में उनके कथित चमत्कारों को कडी चुनौतियां प्राप्त होने लगेंगी और फिर पीआर सस्थाओं की दम पर आगे बढना कठिन ही नहीं होगा बल्कि असम्भव हो जायेगा। असत्य के आवरण में लिपटा शरीर ही जब नाशवान है तो फिर वैभव की विरासत एकत्रित करके आने वाली पीढी को विलासता के सागर में डुबोना कहां तक उचित है। दिखावे के आधार पर बाह्य जगत को तो प्रभावित किया जा सकता है परन्तु आन्तरिक जगत की यात्रा पर निकल चुके साधकों की जमात में प्रवेश पाना कदापि सम्भव नहीं होगा।

प्रारब्ध के संचित पुण्यफलों का दुरुपयोग करने वाली अनेक बाल प्रतिभाओं ने कम समय में ही अपने भाग्य की जमा पूंजी समाप्त कर ली और फिर गुमनामी के अंधेरे में डूब गईं। कालान्तर में उनका नाम भी इतिहास के पन्नों से मिट गया। सम्मान की पराकाष्ठा पर बैठने की ललक भी साधक के लिए एक ही विकृति है। जब तक इच्छायें जीवित है तब तक साधना की आगामी कक्षा में प्रवेश मिल ही नहीं सकता। इसी कारण वास्तविक साधक अपने कल्पवास की कुटिया में एकान्त सेवन करते हुए परमसत्ता से साथ योग की नई सीढियां तय कर रहे हैं। उन्हें सांसारिकता की लुभावनी मादकता स्पर्श तक नहीं कर पा रही है। वे समभावी होकर आत्मा के वास्तविक लक्ष्य के भेदन में जुटे हैं। इनके समानान्तर ही महाकुम्भ में संतत्व की ख्याति से महिमा मण्डित भगवाधारियों के मध्य अहंकार का खुला तांडव भी जारी है जो अपने प्रतिदन्दियों को धूल चटाने की चालें चलने में मगन है। कहीं धर्म संसद का स्वरूप सामने आया, तो कहीं धर्म परिषद का। कहीं अखाडों की परम्परायें नया रूप ले रहीं हैं, तो कहीं सनातन की परिभाषाओं की मनमानी व्याख्यायें सामने आ रहीं हैं। अपने चयनित मार्ग को सत्य मानने की सभी को स्वतंत्रता है परन्तु दूसरों को बिना प्रमाण के झूठा कहने का अधिकार किसी को नहीं है। ऐसे में धर्म जैसे निजिता से जुडे मुद्दे पर विवादों का अन्तहीन सिलसिला कदापि उचित नहीं है। यदि समय रहते इस क्रम को रोका नहीं गया तो धर्म का वास्तविक स्वरूप ही विकृत हो जायेगा जिसके लिए वर्तमान पीढी को कटघरे में खडा होना ही पडेगा। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# मुठभेड़ में पुलिस ने एक बदमाश को दबोचा, एक भागा

## बदमाश के पैर में लगी गोली, घायल

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर



शिकोहाबाद। शनिवार की रात पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से एक शातिर बदमाश घायल हो गया। जबकि उसका साथी शिकोहाबाद पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा । पुलिस को घायल हुए गिरफ्तार बदमाश के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार 20 दिसम्बर को गेस्ट हाउस संचालक से अज्ञात लोगों ने एक लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया था । उक्त मामले में शिकोहाबाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस तभी से आरोपियों को दबोचने के लिए लगी हुई थी।

शनिवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अपाचे बाइक सवार दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने मैनपुरी रोड़ पर गिर्राज कोल्ड स्टोरेज के पास बदमाशों की घेराबंदी कर ली । जब पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को रुकने का इशारा किया तो पुलिस टीम को देखकर बदमाश बाइक से भागने लगे। इसी दौरान बदमाशों की बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। पुलिस से घिरता देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जबाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भागने में सफल हो गया ।

# फिरोजाबाद के प्रेम चौहान ने दिल्ली में लहराया जीत का परचम, बने विधायक

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार



फिरोजाबाद । जनपद के नारखी विकासखंड के गांव जाटऊ में दिल्ली चुनाव परिणाम आने के बाद खुशी का माहौल छा गया , गांव के रहने वाले प्रेम चौहान ने आम आदमी पार्टी के टिकट पर देवली सीट से शानदार जीत हासिल की है । दिल्ली की देवली सीट से विधायक बने चौहान के पिता 25 वर्ष पूर्व गांव छोड़कर नौकरी की तलाश में दिल्ली गए थे । प्रेम चौहान के नोएडा की एक कंपनी में नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उनके बेटे प्रेम चौहान ने अपनी काबिलियत के दम पर देवली की जनता पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है । प्रेम चौहान देवली से विधायक बनने से पहले दो बार इस वार्ड से नगर निगम के पार्षद भी रह चुके हैं । अवगत करा दें कि फिरोजाबाद के नारखी विकासखंड के जाटऊ गांव के रहने वाले रामदयाल दिवाकर 25 साल पहले गांव छोड़कर दिल्ली रह रहे हैं वहीं उनके बेटे प्रेम चौहान ने नौकरी के साथ-साथ समाज सेवा में भी अपना योगदान करना शुरू किया और दिल्ली में आम आदमी पार्टी से जुड़ गए । जाटऊ निवासी महावीर सिंह ने बताया मेरा भाई राम दयाल नोएडा स्थित कंपनी में काम करता था ल्ल भाई के साथ-साथ ही उनका परिवार के लोग करीब 25 वर्ष पूर्व सभी दिल्ली में शिफ्ट हो गए थे । भतीजा प्रेम सिंह चौहान दिल्ली में रहने के साथ ही वहीं पार्षद का चुनाव भी दो बार जीत चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस 2025 के विधानसभा चुनाव में प्रेम सिंह चौहान देवली विधानसभा से आप के प्रत्याशी थे । भाजपा ने यह सीट गठबंधन लोजपा के खाते में डाल दी थी । इस सीट पर लोजपा पासवान से दीपक तंवर ने चुनाव लड़ा । प्रेम सिंह चौहान 86689 मत पाकर उन्होंने तंवर को 36 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराने का काम किया । दीपक तंवर 50209 मत प्राप्त कर सके जबकि कांग्रेस से राजेश चौहान को 12211 मत मिले हैं । दिल्ली के देवली विधानसभा से प्रचंड जीत दर्ज करने वाले प्रेम चौहान के गांव में भी जश्न का माहौल रहा उनके परिवार समेत गांव के तमाम लोगों ने गांव के बेटे को विधायक बनने पर जमकर बधाइयां दी और मिठाइयां भी बांटी ।

# एसडीएम ने ग्राम गढ़ी में दो हेक्टेयर शासकीय भूमि कराई अवैध कब्जे से मुक्त



प्रशासनिक भूमि पर कब्जा मुक्त कराते एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह ।

नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर।

जसरानाः तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम गढ़ी, तहसील जसराना में लगभग 2 हेक्टेयर शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इस भूमि पर वर्षों से ग्रामीणो का कब्जा था, जिसे प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर हटवाया। एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह तथा लेखपाल रविंद्र सिंह, सुमित तिवारी, नायब तहसीलदार नरेश पाल सिंह, राजस्व निरीक्षक रामनिवास सहित राजस्व विभाग की टीम के साथ गांव गढ़ी पहुचे और अतिक्रमण कर रखे गए सभी अस्थाई निमार्णों को हटवाया और जमीन को सरकारी नियंत्रण में ले लिया।शासकीय भूमि पर भूप सिंह, सोनू सिंह, रामसनेही, दिनेश प्रताप, दिलीप, रामनरेश सहित अन्य लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। प्रशासन की इस कार्रवाई से कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया और कुछ लोग मौके से फरार हो गए। एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि यह भूमि एका-मुस्तफाबाद मार्ग पर स्थित है, जो एक प्रमुख सड़क है। यह महत्वपूर्ण शासकीय भूमि थी, जिस पर भविष्य में कभी भी कोई सरकारी इमारत या अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किया जा सकता है। अवैध कब्जे को हटाकर इसे सुरक्षित कर लिया गया है, और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह के मामलों में दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

# पेडत जखई महाराज के मेले में दर्शन करने पहुंचे दर्शनार्थी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



जसराना । एका के ग्राम पेडत में माघ के महीने में लगने वाला की जखई महाराज के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे आज माघ का चतुर्थ जाति ( दर्शन) थी गुरु पूर्णिमा के दिन मेले का समापन हो जाता है इटावा औरैया कानपुर उन्नाव अन्य प्रांत के श्रद्धालु भी उमड पड़े शनिवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का सैलाब शुरू हो गया रात 12:00 बजे दर्शन करने के लिए जखई महाराज के बेदी पर जन सैलाब उमड़ेगा माघ का महीना का शुक्ल पक्ष का दूसरा व अंतिम रविवार होने के कारण काफी भीड़ मेले में काफी भीड़ थी मेले को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जसराना क्षेत्राधिकार बलदेव सिंह कई एसएचओ सहित एका थाना एसएचओ रमित आर्य उपस्थित रहकर के के मेले में उपस्थित रह कर व्यवस्था सम्हाली व मेला का मुआयना किया गया प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया की भीड़ को देखते हुए वालंटियर बनाए गए हैं तथा एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था थी और मुख्यतः सड़क पर जाम ना लगे । सड़क पर वालंटियर भी लगाए गए हैं ।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसरानाः कस्बा पाढम क्षेत्र से एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। युवती के भाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर अपनी बहिन की सकुशल बरामदी को कहा है।

कस्बा पाडम निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दिनांक सात को शाम करीब साढ़े छ बजे उसकी बहन जिसकी उम्र 19 साल है उसको शनि पुत्र रामदेव, निवासी इंद्रानगर भट्?टा बस्ती, थाना दिवियापुर, जिला औरैया बहला-फुसलाकर भगा ले गया।पीड़ित भाई ने पुलिस से आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही कर बहिन की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### आरके मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । शिकोहाबाद के एटा रोड स्थित आरके मॉडर्न मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। हवन पूजन के साथ ही अन्य कार्यक्रम हुए। वहीं अतिथियों द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आरके मेडिकल हॉस्पिटल के चैयरमैन पूर्व प्राचार्य प्रो. आरके सिंह ने कहा कि आरके मॉडर्न मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर डा रामखिलाडी सिंह यादव, डॉक्टर सुशील सिंघल, डॉ बृजेश यादव, इंजीनियर शिवांग यादव, कुमार शांतनु, प्राचार्य डॉ दीदार सिंह यादव, डा जगदीश यादव, राजेश गुप्ता, डा संजय यादव, डॉ गिर्राज सिंह यादव के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे ।

### मथुरा-वृंदावन से लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/फिरोजाबाद । मथुरा-वृंदावन दर्शन कर लौट रहे तीन छात्रों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत। फिरोजाबाद के थाना मक्खनपुर क्षेत्र, घुनपई गांव के पास की घटना ।अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीनों की मौके पर ही मौत। तीनों दोस्त करहल, मैनपुरी में किराए के मकान में रहते थे और जसवंत नगर के एसएस मेमोरियल डिग्री कॉलेज में पढ़ते थे। पुलिस जांच में जुटी, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए।

### सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस / क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद । जनपद में सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। थाना लाइनपार क्षेत्र के लेबर कालोनी निवासी दीपक सिंह पुत्र सुरेश सिंह स्टेशन रोड स्थित गोविंद रिसॉर्ट में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। लेबर कालोनी पुल पर पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दौरान दीपक का सिर भी डिवाइडर से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने खून से लथपथ पड़े युवक को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजन घायल दीपक को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अविवाहित दीपक की असामयिक मौत से परिवार में शोक छाया हुआ है।थाना लाइनपार के इंस्पेक्टर संजुल पांडे ने बताया कि घटनास्थल पर युवक और उसकी बाइक मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सौ शैया मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत

नेशनल एक्सप्रेस /क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद । जनपद के सौ शैया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। 28 वर्षीय गर्भवती महिला कौशल्या देवी की प्रसव पीड़ा के दौरान अस्पताल के गेट पर ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों ने महिला को अस्पताल के अंदर तक नहीं जाने दिया और बिना किसी जांच के ही आगरा रेफर कर दिया। बताया गया कि थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के गांव अलहादीपुरा की रहने वाली कौशल्या को देर रात एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने एक घंटे तक अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी एक न सुनी। प्रसव पीड़ा से कराहती महिला को बिना कोई कारण बताए आगरा रेफर कर दिया गया। इस दौरान महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने काफी आक्रोश जताया, लेकिन बाद में बिना पोस्टमार्टम कराए और पुलिस में शिकायत दर्ज कराए शव को घर ले गए। अस्पताल के सीएमएस डॉ. नवीन जैन का कहना है कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अगर शिकायत मिलेगी तो संबंधित स्टाफ और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है, जहां एक जान बचाने के लिए बने अस्पताल में ही एक मां और उसके अजन्मे बच्चे की जान चली गई।



# महाकुंभ से लौट कर जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, छह घायल

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।




सिरसागंज । थाना सिरसागंज क्षेत्र में महाकुंभ से लौटकर जा रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकरा गई । जिससे कार सवार छह लोग घायल हो गए। रमेश चंद्र निवासी 110 पॉकेट ए 1 थाना गाजीपुर न्यू दिल्ली। प्रयागराज महाकुंभ से लौटकर अपने घर दिल्ली जा रहे थे। वह थाना सिरसागंज क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सौथरा रोड के पास पहुंचे तभी आगे चल रहे ट्रक से तेज गति होने के कारण कार पीछे से टकरा गई। जिससे कार में सवार अमन सिंह पुत्र गोविंद सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी इंदिरापुरम काला पत्थर लाल बिल्डिंग जिला गाजियाबाद, रमेश चंद्र पुत्र पीतांबर दत्त उम्र 65 वर्ष, शशि कला पत्नी दिनेश चंद्र उम्र 45 वर्ष, दीक्षा पत्नी सुशील कुमार उम्र 30 वर्ष, कल्पेश्वरी देवी पत्नी एस रावत उम्र 62 वर्ष व सुशीला देवी पत्नी रमेश चंद उम्र 63 वर्ष निवासीगण न्यू दिल्ली घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल के लिए भेजा ।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहा रेंजर शिविर



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।

सिरसागंज । राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर के तीसरे दिन रेंजर्स ने मार्च पास्ट, टेंट लगाना, कमांडो ब्रिज बनाना, गांठें बांधना , चेन गेम ,रोप गेम , गेजेट्स ,यूनीफार्म , टोली प्रणाली, कुकिंग,केम्प फायर, बायां हाथ मिलाना , रेंजर का इतिहास आदि के विषय में सिखाया गया । इस शिविर का संचालन प्रशिक्षक मनीष कुमार ने किया। यह पांच दिवसीय शिविर रेंजर लीडर डाक्टर प्रियंका सिंह के निर्देशन में लगाया जा रहा है।

# घर के बाहर खेल रहे तीन वर्षीय युवक की लोडर टेम्पो की टक्कर से हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।

फिरोजाबाद । जनपद के थाना उत्तर क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मोहल्ला दखल में पुनीत कुमार का बेटा डुग्गू घर के बाहर खेल रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक लोडर टेम्पो ने उसे कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक लोडर टेम्पो छोड़कर फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन मोहल्लेवासियों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने लोडर टेम्पो को भी अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडे ने बताया कि मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।



# फिरोजाबाद में शादी कार्यक्रम में पहुंचे अखिलेश यादव, भाजपा पर बोला हमला

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद के आगरा-फिरोजाबाद बॉर्डर स्थित पालकी रिसॉर्ट में रविवार को सपा नेता महाराज सिंह धनगर के बेटे की शादी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'दिल्ली, हिमाचल और हरियाणा समेत दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग महाकुंभ में आ रहे हैं, जिन्हें रास्ते में कई टोल प्लाजा पर शुल्क चुकाना पड़ रहा है। ऐसे में क्या महाकुंभ को देखते हुए टोल टैक्स माफ नहीं किया जा सकता?' साथ ही अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप भाजपा पर लगाया। उन्होंने कहा, 'यह चुनाव नहीं झूठ का खेल था। लोकतंत्र में उन लोगों को विशेष बधाई, जो दूसरे जिलों से भाजपा के लिए वोट डालने आए थे। हमने ऐसे लोगों को पकड़ा भी।

सपा प्रमुख ने कहा, 'मिल्कीपुर उपचुनाव जीत पर भाजपा ना जाने क्या जताना चाहती है। इस चुनाव में भी कई गड़बड़ियां हुई हैं।' उन्होंने कहा, 'अयोध्या की हार और मिल्कीपुर की जीत कभी भी बराबर नहीं हो सकती। अयोध्या की हार, हमेशा अयोध्या की हार रहेगी।'



# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जन शिकायतों को सुन कराया मौके पर ही निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार



फिरोजाबाद । उ0प्र0 सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को अपने निज निवास सिरसागंज पर जन शिकायतों को जनता दर्शन लगाकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान मंत्री जी ने जनपद भर व गैर जनपदों से आए फरियादियों की शिकायतों को एक-एक को सुना और मौके पर ही निस्तारण कराया, शेष शिकायतों को उपस्थित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मंत्री जी ने सभी अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाए और उसकी अनुपालन आख्या अवश्य भिजवाए। उन्होने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कुछ प्रकरणों में सम्बन्धित अधिकारियों से सीधे फोन पर वार्ता कर शिकायतों को निस्तारित कराया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह संपूर्ण समाधान दिवसों व थाना समाधान दिवसों के अवसर पर सरकार की योजनाओं को जनता तक सीधा लाभ दिलाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने अलग-अलग पटल स्थापित कर पात्र लोगों के आवेदन भी कराएं। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण की कार्यवाही के उपरांत शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया जाए की उनकी शिकायत निस्तारित हो चुकी है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गम्भीर है, इसलिए अधिकारी जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व, भूमि, बिजली, पानी, राशन कार्ड, विद्युत विभाग के बिल, आवास योजना, आधार कार्ड, अतिक्रमण, पुलिस सम्बन्धित आदि शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमे अधिकतर शिकायतें विद्युत की होने पर मंत्री जी ने विद्युत विभाग के अधिकारियो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वह अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और छोटे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान ना करें। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी, उपजिलाधिकारी सिरसागंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से जच्चा बच्चा की मौत

**नेशनल एक्सप्रेस/ आसिफ वारसी**







कुंदरकी। नगर में झोलाछाप डॉक्टरों का तांडव खत्म नही हो रहा है ।कुंदरकी नगर में झोलाछाप डॉक्टरों के लाहपरवाही से जच्चा बच्चा की मौत के मामले आये दिन सामने आते रहते है ।रविवार को भी नगर के अल्शिफा नर्सिंग होम के एक जच्चा बच्चा की इलाज में लाहपरवाही बरतने के मामले में मौत हो गई ।महिला और नवजात की मौत के बाद परिवार वालो ने नर्सिंग होम पर जमकर हंगमा किया ।वही म्रतक महिला के पति के नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।सूचना पर पहुँची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नर्सिंग होम को सील कर दिया है।

कुंदरकी झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। गली गली गांव गांव में क्लीनिक खोलकर गंभीर बीमारियों का इलाज करने के दावे के साथ ऑपरेशन भी कर रहे हैं वही कुछ झोलाछाप ऑपरेशन कर मौतो का खेल कर रहे है ।कई झोलाछाप की बजह से दर्जनो लोगों की जान जा चुकी है लेकिन कार्यवाही में खानापूर्ति के बाद फिर से क्लिनिक खुले नजर आते है ऐसा ही मामला कुंदरकी नगर के बरेली वाली में स्थित नर्सिंग होम से सामने आया है ।जहां पर एक जच्चा बच्चा की मौत के परिवार के लोगो जमकर हंगमा किया है ।इस मामले में म्रतक के पति ने पुलिस के शिकायत पत्र में बताया कि उसकी पत्नी के 8 फरवरी को आचानक तबीयत खराब हो गई।

राहुल अपनी पत्नी को लेकर नगर के अल्शिफा नर्सिंग में ले गया था जहां पर डॉक्टर रेहाना के यहां भर्ती करा दिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई ।इस दौरान डॉक्टर ने उसका कुछ समय बाद डिलेवरी कर दी जिससे उसके नवजात शुशु की मौत हो गई ।वही महिला को ब्लेडिंग होना शुरू हो गया ।जब राहुल ने इसकी शिकायत की ओर तबियत बिड़गने पर मुरादाबाद ले जाने की बात कही तो डॉक्टर ने मना कर घर ले जाने को कह दिया।

राहुल अपनी पत्नी को लेकर घर चला गया ।सोमवार की सुबह महिला की मौत हो गई ।महिला की मौत से परिवार वालो ने अस्पताल आकर जमकर हंगमा किया ।महिला की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है ।सूचना पर पुलिस भी गांव पहुँच गई। वही म्रतक महिला के पति ने घटना की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है।

### कुंदरकी क्षेत्र में लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप

कुंदरकी और मैनाठैर क्षेत्र में अवैध तरीके से संचालित क्लीनिकों की बाढ़ सी आ गई है ।आय दिन कुंदरकी क्षेत्र में छापेमारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा अपंजीकृत क्लिनिक को सील कर दिया जाता है ।वही दूसरे तीसरे दिन अस्पताल खुले नजर आते है।

### केस बिगड़ने पर मुरादाबाद अस्पताल रैफर कर देते हैं मरीज

बीते कुछ वर्षों से फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों की वृद्धि हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में कई मात्र फर्स्ट एड के डिग्रीधारी हैं तो कोई अपने आप को बवासीर या दंत चिकित्सक बता रहा है लेकिन इनके निजी क्लीनिकों में लगभग सभी गंभीर बीमारियों का इलाज के साथ ऑपरेशन धड़ल्ले से किया जा रहा है। कुछ डॉक्टरों ने तो अपनी क्लिनिक में ही ब्लड जांच, यूरीन जांच इत्यादि की सुविधा भी कर रखी है।

# किसान के घर से चार बकरा बकरी हुए चोरी

### अलग-अलग दो जगह अज्ञात चोरों ने चोरी की घटनाओं को दिया अंजाम

**नेशनल एक्सप्रेस**

मैनाठेर। राजू निवासी संदलपुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर में कूमल लगाकर दो बकरी और दो बकरे चोरी कर ले गए।

उधर आसिम निवासी हिसामपुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह रसुलपुर में हकीमत करता है शनिवार की रात्रि उसके खोके का ताला तोड कर चोरी करने का प्रयास किया गया। जब अज्ञात चोर आसफल हो गए। तब छपरे में आग लगा दी। और वाहर पड़ा तखत व लोहे की वेंच चोरी कर ले गए।

# खतौनियों के दुरुस्तीकरण हेतु विशेष अभियान दिनांक 11 फरवरी को तहसील सदर सभागार में आयोजित होगा

**नेशनल एक्सप्रेस / सलमान युसूफ**

मुरादाबाद। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर डॉक्ट राममोहन मीना ने बताया कि वर्तमान में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु अभियान गतिमान है जिसमें जनसाधारण के द्वारा खतौनियों में नामों, वल्दियत, उपनाम में आंशिक त्रुटियों के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जन सामान्य की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए तहसील सदर के सभागार में दिनांक 11 फरवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक खतौनियों के दुरुस्तीकरण के लिए विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा।

इस अभियान में समस्त लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक तत्समय तहसील में उपस्थित रहेंगे ताकि तत्काल मौके पर ही समाधान किया जा सके।

# यौन उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने वाली महिला के इलाज का खर्च वहन करेगी तमिलनाडु सरकार : स्टालिन



चेन्नई (भाषा) तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार उस महिला के अस्पताल का पूरा बिल चुकाएगी जिसे यौन उत्पीड़न का विरोध करने पर वेल्लोर जिले में चलती ट्रेन से बाहर धकेल दिया गया था।

स्टालिन ने महिला को तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की और छह फरवरी को हुई इस घटना के कारण महिला का गर्भपात होने पर दुख जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयंबटूर-तिरुपति इंटरसिटी एक्सप्रेस से बाहर धकेले जाने के कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे वेल्लोर के सरकारी अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद रानीपेट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार महिला के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी और उन्होंने प्राधिकारियों को पीड़िता की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है।

स्टालिन ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जन राहत कोष से महिला के लिए तीन लाख रुपये जारी करने का आदेश दिया है।

वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने आठ फरवरी को अस्पताल में महिला से मुलाकात कर उसे 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी थी तथा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था।

घटना के समय महिला चार महीने की गर्भवती थी। आरोपी की पहचान हेमराज के रूप में हुई है जो वेल्लोर जिले के एक गांव का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों के लिए अलग श्रेणी: खट्टर

भोपाल (भाषा) केंद्रीय मंत्री एम. एल. खट्टर ने रविवार को कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शीर्ष स्थान पर रहने वाले शहरों के लिए एक अलग श्रेणी बनाई जाएगी, जिससे वे विशिष्ट शहर एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने भोपाल में पत्रकारों को बताया कि चार विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाले तीनों शहरों को एक अलग समूह में रखा जाएगा और वे एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इंदौर को लगातार सात बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया। खट्टर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंड हर साल बदले जाते हैं। उन्होंने कहा कि अलग समूह में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शहर को दो साल बाद हटा दिया जाएगा और उसे शेष शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कहा जाएगा। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने कहा, विभिन्न श्रेणियों में आने वाले शेष शहर पहले की तरह एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विजेता शहरों के अलग समूह बनाएं जाएंगे। खट्टर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए निर्धारित की गई अंतिम तिथि 31 मार्च को कुछ राज्यों ने बढ़ाने का आग्रह किया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर के लगातार शीर्ष पर स्थान बने रहने का जिक्र करते हुए खट्टर ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अन्य शहरों की शिकायत है कि उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में समग्र केंद्रीय बजट परिव्यय में तीन गुना वृद्धि की गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

खट्टर ने कहा, 2013 से 2015 में बजट 16.65 लाख करोड़ रुपये था और पिछले 10 वर्षों में बजट तीन गुना बढ़कर 50.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का प्रमाण है। देश की स्वतंत्रता के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। खट्टर ने कहा कि 2014 से अब तक 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं, इस उपलब्धि का अन्य देश भी अध्ययन कर रहे हैं।

# रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष बने शाहनवाज आलम

**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**



मुरादाबाद। जनपद के चर्चित समाज सेवी डॉक्टर शाहनवाज आलम रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले उत्तर प्रदेश की मुख्य कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष हुए मनोनीत यह नियुक्ति रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री सामजिक न्याय भारत सरकार व उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता द्वारा समाज हित मे अच्छी निष्ठा का कार्य देखते हुए पार्टी की मुख्य कमेटी मे प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पद पर मनोनीत किया गया है।

जानकारी के अनुसार बता दे की शाहनवाज आलम जनपद के ग्राम अहरोला माफी के निवासी है शाहनवाज समाज हित मे कई संगठनो के माध्यम से समाज की सेवा करते हुए आए है। पार्टी के प्रदेश कार्यलय लखनऊ बुलाकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बड़ी जिम्मेदारी सोपी है। शाहनवाज आलम ने कहा की वह पार्टी की जिम्मेदारी भरपूर तरीके से निभाऊंगा मुरादाबाद जनपद के साथ - साथ पुरे प्रदेश मे संगठन को मजबूत करूँगा जो मेरी पार्टी की अम्बेडकरवादी नीति है उस पर चलकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामदास आठवले जी का सपना पूरा करने का भरपूर प्रयास करूँगा। पार्टी की नीति को जन जन तक पहुंचाने का काम करूँगा। यह खबर सुनकर शाहनवाज आलम के चाहने वालों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी साथ ही शुभचिंतको ने सोशल मिडिया व फोन के माध्यम से बधाई सन्देश आने लगे शाहनवाज आलम ने शीर्ष नेतृत्व व प्यारी जनता व शुभचिंतको का आभार धन्यवाद प्रकट किया है।

# अल्फाज अपने फाउंडेशन द्वारा ओपन माइक कार्यक्रम रंग ए मोहब्बत आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**



मुरादाबाद। रामगंगा विहार स्थित नखरा रेस्टोरेंट में अल्फाज अपने फाउंडेशन द्वारा एक शानदार ओपन माइक कार्यक्रम ₹रंग ए मोहब्बत₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में अर्पित मिश्रा, नमन जैन, आदित्य भटनागर, रवि पांडे, राजीव प्रखर, सुधांशु मौर्य, जैसे अतिथियों ने शिरकत की। इसी क्रम में रेस्टोरेंट के स्वामी वैभव ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन आकृति सिन्हा ने किया, जबकि तकनीकी कार्यों का जिम्मा अमर सक्सैना ने संभाला। अभिव्यक्ति सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उत्कर्ष अग्रवाल ने अन्य जिम्मेदारियों का निर्वाहन किया और हिमांशु हंजारा ने भी टीम के सदस्य के रूप में सहयोग किया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने कला की छाप छोड़ी। काव्य पाठ में विंध्या प्रताप, मिलन अरोड़ा, डेमन, अंशदीप, स्मृति, सचिन, अनीस, साकिब, उत्कर्ष, जितेंद्र, हिमांशु और अमर ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया। गायन में सुरुचि, मोहित, अक्षत थरेजा, जसपिंदर, करन, हर्षिता, शाहरुख, आर्यन, और नंदिनी ने अपनी आवाज से दर्शकों का दिल जीता। वहीं, स्टैंड-अप कॉमेडी में अंधेरा और प्रियांशी ने हंसी के फव्वारे छोड़े। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया, जो उनके अथक प्रयास और प्रस्तुति का प्रतीक था। इस आयोजन ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया कि कला के प्रति समर्पण और जोश से किसी भी मंच पर एक अद्वितीय छाप छोड़ी जा सकती है।

# कांग्रेसियों ने अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप का फूंका पुतला की नारेबाजी

### कहा -प्रवासी भारतीयों के साथ किया अमानवीय व्यवहार





**नेशनल एक्सप्रेस / मौ अरशद**

मुरादाबाद। जनपद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की रात को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका दिया गया।

इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने ट्रंप के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई । जनपद कांग्रेस के प्रवक्ता सुधीर पाठक ने बोले प्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिकी प्रशासन ने क्रूर व अमानवीय व्यवहार किया है। इसलिए कांग्रेस ने डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूंका गया । इस दौरान केंद्र सरकार पर अमेरिका दुस्साहस पर आंखें मूंदे रखने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की भी आलोचना की है।

शुक्रवार की रात जिला कांग्रेस के पदाधिकारी अम्बेडकर पार्क में इकट्ठा हुए। यहां अमेरिकी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ट्रंप का पुतला दहन किया।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने प्रवासी भारतीयों की वतन वापसी के समय उन्हें हथकड़ियां लगाकर भेजा गया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि अमेरिका के आचरण पर प्रधानमंत्री का मौन भारतीयता का अपमान है।

# मदरसा जामिया अरबिया एहसासूल उलूम ने अपनी स्थापना के एक साल पूरे होने का मनाया जश्न



**नेशनल एक्सप्रेस / ब्यूरो**

महानगर के करूला रहमत नगर स्थित मदरसा जामिया अरबिया एहसासूल उलूम ने अपनी स्थापना के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर मदरसे में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

समारोह की शुरूआत कलाम अल्लाह की आयत पढ़ने से हुई, इसके बाद बच्चियों ने नाते पढ़े। इसके बाद बच्चियों को दस्तारबंदी की गई और उन्हें इनाम दिए गए। इस अवसर पर 12 बच्चों को सम्मानित किया गया। मदरसे के प्रतिनिधियों ने बताया कि मदरसे में दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी दी जाती है। इसके अलावा, मदरसे में कंप्यूटर का कोर्स भी कराया जाता है।

इस समारोह में हबीब फुरकान अहमद, मुफ्ती मोहम्मद अनवर, मुफ्ती सलमान, मुफ्ती अजीज उर रहमान, मुफ्ती मोहम्मद ताहिर, डॉक्टर जेबा स़ब हबीब, हलीमा फरीन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार आने से खुले दिल्ली में विकास के द्वारः सीएम

कविता



फरीदाबादः फरीदाबाद के सूरजकुंड में चल रहे 38 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के दौरान रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा सरकार की ओर से राजहंस पर्यटन केंद्र में दोपहर भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की, जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार के अनेक मंत्रियों, विधायकों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण ने सांझा प्रीतिभोज लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन केंद्र में रखे गए भोज के दौरान स्वयं उपस्थित विशिष्ठजनों के पास जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा। दोपहर भोज कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में घाना, मध्यप्रदेश, रशिया, इथोपिया, असम और कजाकिस्तान के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, राज्य सभा सांसद सुभाष बराला, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अधलखा, डीसी विक्रम सिंह व अन्य अधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भोज के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर अपने समर्थन की मोहर लगाते हुए ऐतिहासिक जनादेश दिया है। इससे अब दिल्ली के विकास का रास्ता खुल गया है। दिल्ली की जनता अब खुश है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र में लागू की गई सभी योजनाओं का लाभ अब दिल्ली वासियों को प्रभावी रूप से मिलेगा, जिनसे वे कई सालों से वंचित रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा लोगों को बरगलाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली की जनता द्वारा दिए गए अपार समर्थन पर उत्साहित मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने हमेशा झूठ बोलने का काम किया है, उसमें यमुना नदी की सफाई करने, हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने, और नई सड़कें बनाकर पेरिस बनाने आदि विभिन्न मामले शामिल रहे हैं।

## टेलीग्राम टास्क के नाम पर 9.50 लाख रुपए फ्रॉड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फरीदाबादः साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने साइबर फ्रॉड के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आरोपी सुखराम को सेक्टर 4 मानेसर से तथा कृष्ण को जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। इसके संबंध में थाना साइबर अपराध बल्लभगढ़ पोर्टल के माध्यम से सेक्टर 8 में रहने वाली एक महिला की शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें उसने बतलाया कि उसके साथ टेलीग्राम टास्क वी क्रिप्टो में पैसे लगाने के नाम पर 9.50 लख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। उसके पास एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज आया जिसमें उसने पार्ट टाइम जॉब करने का ऑफर दिया। जिसमें घर बैठे लाखों रुपए कमाने का लालच दिया। ठगने शिकायतकर्ता के फोन पर टेलीग्राम का एक लिंक भेजा और टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन कराया। ठगने बताया कि शिकायतकर्ता अपने पैसे क्रिप्टो में लगा दे और टास्क पूरे करें टास्क पूरे होने पर शिकायतकर्ता को 2 से 3 गुना पैसे प्राप्त होंगे। इसके बाद शिकायतकर्ता से अलग-अलग प्रकार के टैक्स के नाम पर 20 से 22 अगस्त 2024 तक अलग अलग खातों में करीब 9.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। इसके संबंध में थाना साइबर अपराध बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया। साइबर पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है जिसमें सुखराम व कृष्णा नाम शामिल है। दोनों आरोपी गांव वीरपुर कला जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।



## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

**मेष** : आज आपका दिन शुभ रहेगा। प्रगति के नए मार्ग खुलेंगे। परीक्षा परिणाम संतोषजन रहेगा। पैर में दर्द की सम्भावना है। स्वास्थ्य पर फोकस करें। मन में निराशा दूर होकर आशा का संचार होगा।सुझाव- कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होहिं तात तुम पाहीं इस चौपाई द्वारा हनुमान जी से प्रार्थना करें।

**वृषभ** : आज आपका दिन संघर्ष का दिन है। फालतू खर्चे व भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। पेट व गले में दर्द सम्भव है। आपको मित्रों से सावधान रहने की जरूरत है, विशेषकर वे जो आपके सामने मीठा बोलते हों। पढ़ाई में भी दिक्कत आएगी। सुझाव- मोरि सुधारिहिं सो सब भांती, जासु कृपा नहिं कृपा अघाती- इस चौपाई का पाठ करें।

**मिथुन** : आज आपका दिन शुभ रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। माता व पिता के आशीर्वाद से लाभ का योग है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। पढ़ाई भी अच्छी चलेगी। सुझावझ सकल विघ्न व्यापहिं नहिं तेही, राम सुकृपां बिलोकहिं जेही- इस चौपाई का पाठ करें।

**कर्क** : आज आपके लिए संघर्ष व परिश्रम का दिन है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी आपको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक लाभ का योग है। पढ़ाई अच्छी चलेगी, परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा। सुझाव- जौं प्रभु दीनदयाल कहावा, आरति हरन बेद जसु गावाझ इस चौपाई का पाठ करें।

**सिंह** : आज आपके भाग्योदय का दिन है। आज कोई भी नया काम शुरू करना भविष्य में अत्यनत लाभप्रद रहेगा। लाभ का योग है। पैरों में दर्द सम्भव है। मन थोड़ा अशान्त रहेगा। सुझाव- जिमि सरिता सागर महँ जाहीं, जद्यपि ताहि कामना नाहींझ इस चौपाई का पाठ करें।

**कन्या** : आज आपका दिन शुभ रहेगा। आर्थिक व्यय सम्भव है किन्तु सारे बिगड़े काम बनेंगे। वाणी पर संयम से आज आप विजयी रहेंगे। पढ़ाई में सुधार होगा। परिणाम सुखद आएगा।सुझाव- प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कोसलपुर राजा- इस चौपाई का पाठ करके ही घर से निकलें।

**तुला** : आज आप के लिए अच्छा दिन है। आर्थिक लाभ का योग है। जीवन साथी से अनबन सम्भव है। पढ़ाई अच्छी रहेगी। परीक्षा परिणाम उत्तम रहेगा।सुझाव- आशुतोष तुम अवढ़रदानी, आरत हरहु जोरि जुग पानी- इस चौपाई का पाठ करें।

**वृश्चिक** : आज का दिन आपके लिए परिश्रम और अपव्यय का दिन है। अचानक फालतू खर्च आ सकता है। ठण्ड व गले में दर्द से बुखार भी सम्भव है। बहस से बचें। सुझाव- राजिव नयन धरें धनि सायक, भगत बिपति भंजन सुखदायक- चौपाई का पाठ करें।

**धनु** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। धन लाभ का योग है। पिता से सहयोग व लाभ मिलेगा। पढ़ाई में भी प्रगति आएगी। स्वास्थ्य भी लगभग ठीक रहेगा। सुझाव- मोरि सुधारिहिं सो सब भांती, जासु कृपा नहिं कृपा अघाती- इस चौपाई का पाठ करें।

**मकर** : आपका आज का दिन संघर्ष भरा है। कोई शत्रु परेशान कर सकता है परन्तु भरोसा रखिए, धैर्य व बुद्धिमत्ता से आप विजय प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य में दिक्कत आ सकती है। पढ़ाई में व्यवधान आएगा। सुझाव - जपहिं नामु जन आरत भारी , मिटहिं कुसंकट होहिं सुखारी- इस चौपाई का पाठ करें।

**कुंभ** : आज आपका दिन परिश्रम का दिन है। अतिभावुकता से बचें। सरकारी नौकरी में सफलता मिलेगी। पढ़ाई में सुधार आएगा। जीवन साथी से आज बिल्कुल बहस ना करें। सुझाव- दीन दयाल विरदु संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी- का पाठ करें।

**मीन** : आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। ठण्ड या एलर्जी से दिक्कत हो सकती है। मन में भ्रम व उद्विग्नता रहेगी, धैर्य रखें, सब ठीक होगा। व्यवसाय में आय के नवीन स्रोत बनेंगे।सुझाव-दीन दयालु बिरदु सम्भारी, हरहु नाथ मम संकट भारी इस चौपाई का पाठ करके ही कोई काम करें ।

# सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को रास आ रहा है गोआ पवेलियन

कविता



गोआ पवेलियन में नृत्य करते हुए कलाकारः फोटो ओमप्रकाश पांचाल



गोआ पवेलियन में हस्तशिल्पियों के द्वारा बिक्री किए जा रहे सामान का दृश्यः फोटो ओमप्रकाश पांचाल

फरीदाबादः 38 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में कई राज्यों और कई देशों के कलाकार अपनी कलाकृति को लेकर पहुंचे हैं। मेले में कई राज्यों की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में मेले में मीडिया सेंटर के सामने गोवा का पवेलियन भी बनाया गया है। जहां गोवा से आए कलाकार अपनी कलाकृतियों के जरिए लोगों को लुभा रहे हैं। इस बारे में गोआ टुरिज्म डिपार्टमेंट के डिप्टी जनरल मैनेजर दीपक नरवेकर और सुदत्त कांबली ने बताया कि गोआ के क्राफ्टमैन्स कम कॉस्ट में पोडऐक्टस लेकर आए है। उन्होंने बताया कि यहां 12 हस्तशिल्पी और 20 कलाकार आए है। जिसके तहत यहां घोड़ा मुंडनी, सिगमो, धनगर नृत्य, लैम्प डांस, मांडो डांस, देरवनी डांस की प्रस्तुति मेले में दे रहे है। वहीं क्ले आर्ट, बुड आट्स, समुन्द्र के सेल्स, फूलों को सुखाकर (बुड्स आर्ट्स) कुणबी फैवरिक की प्रदर्शनी लगाई है। जिसमें नेशनल अवार्डी कलाकार और हस्तशिल्पी शामिल है।

अलग अलग है चीजेः दीपक ने बताया कि सूरजकुंड मेले में कई हस्तशिल्पी आए है। जिसमें ज्वेलरी, लॉकेट, बैंगल्स, बच्चों के खिलौने, इत्यादि शामिल हैं। यह गोवा की कॉपी ट्रेडिंग प्रोडक्ट हैं। क्योंकि गोवा में इस तरह से बने हुए प्रोडक्ट को लोग खूब पसंद करते हैं। अब विदेश से भी इस तरह के प्रोडक्ट को लोग पसंद करते हैं। लोगों का अच्छा रिस्पांस मिलता है, जिससे उत्साह बढ़ता है। इसमें मेहनत भी ज्यादा लगती है।

गोवा को रिप्रेजेंट कर रहे कलाकारः सुदत्त ने बताया कि कई सालों से हस्तशिल्पी और कलाकार गोवा को रिप्रेजेंट कर रहे है। इसके लिए हस्तशिल्पियों और कलाकारों को कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। जहां भी इस तरह का क्राफ्ट मेला लगता है, वह अपने प्रोडक्ट को लेकर गोवा को रिप्रेजेंट करते हैं और अपनी अनोखी कला को लेकर फेमस भी है। कोक आर्ट बना आकर्षण का केंद्रः गोवा के कलाकार नारियल और कई चीजों से अलग-अलग तरह की कलाकृतियों की स्टॉल लगा रहे हैं। जिसे कोक आर्ट कहा जाता है। इसमें नारियल से बनी कई चीजें शामिल हैं। जिसमें मुख्य रूप से भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति, पानी की बोतल, चाय कप और छोटे बच्चों के खिलौने, घर में इस्तेमाल होने वाली चीजें, सजावट का सामान, ज्वेलरी, मुख्य रूप से शामिल है।

प्रोडक्ट की कीमतः गोवा से आए हुए कलाकार ने बताया कि नारियल का जो बचा हुआ पार्ट होता है। उससे हम बहुत तरह की आइटम तैयार करते हैं। जैसे पानी की बोतल, चाय का कप, किचन में इस्तेमाल की जाने वाली चीजें और बच्चों के खिलौने मुख्य रूप से शामिल है। इसे बनाने में काफी मेहनत लगती है। इसे बहुत ज्यादा बारीकी से बनाया जाता है। हालांकि इसका रेट ज्यादा नहीं होता है। बल्कि 30 रुपये से लेकर 200-300 रुपये तक चीजें आराम से बिक जाती हैं।

## गैर कानूनी तरीके से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र के खिलाफ दो मामले किए दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फरीदाबादः थाना पल्ला में अवैध नशा मुक्ति केंद्र चलाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ थाना पल्ला की पुलिस टीम ने गैर कानूनी तरीके से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों पर रेड की और दो नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों व सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किये।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम के द्वारा एमआर गार्डन मैन बसंतपुर रोड गांव इस्माइलपुर फरीदाबाद में अवैध तरीके से चलाए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र पर रेड कर संचालक राजकुमार व सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मौके पर आरोपी सुनील कुमार निवासी जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट फर्स्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है। नशा मुक्ति केंद्र में 39 व्यक्ति रहने पाए गए, जिनको मुक्त कराया गया। इसके अलावा गैस गोदाम बसंतपुर पर भी टीम के द्वारा रेड की गई जहां पर नशा मुक्ति केंद्र संचालक सुनील कुमार निवासी ताजपुर पहाड़ी बुद्ध विहार नई दिल्ली व सहयोगियों के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से नशा मुक्ति केंद्र चलाने पर मामला दर्ज किया गया। सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। नशा मुक्ति केंद्र में 17 व्यक्ति मिलें, जिनको भी मुक्त कराया गया। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हैं बताया कि आरोपियों द्वारा अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे थे जिनके पास ना तो कोई लाइसेंस थे और ना ही कोई अधिकृत प्रमाण पत्र लिए हुए थे, इसके अतिरिक्त वहां पर कोई भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी और ना ही वहां पर उपस्थित लोगों को किसी से मिलने देते थे। यहां पर लोगों को 6 महीने से रखा हुआ था।

पूछताछ में सामने आया कि राजकुमार नशा मुक्ति केंद्र को पिछले एक वर्ष से चला रहा है तथा वहीं सुनील कुमार पिछले दो वर्ष से नशा मुक्ति केंद्र चल रहा है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## 14 सांसदों ने पीएम को लिखा पत्र, बिजली निजीकरण पर की रोक लगाने की मांग : सुभाष लांबा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फरीदाबादः 6 राजनैतिक दलों के 14 सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर पब्लिक पॉवर यूटीलिटीज के किए जा रहे निजीकरण में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभीष लांबा, आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के चेयरमैन देवेन्द्र सिंह हुड्डा, राज्य प्रधान सुरेश राठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी व उप प्रधान जितेन्द्र सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीएम को लिखें पत्र में कहा गया है कि पब्लिक पॉवर यूटीलिटीज की परिस्थितियों का मूल्यांकन करवाए बिना नीलामी के लिए मामूली बेस प्राइस निर्धारित कर बेशकीमती जमीनों एवं असेट्स को कौड़ियों के भाव में निजी कंपनी को हैंडओवर किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि निजीकरण से बिजली के रेटों में भारी बढ़ोतरी होगी, जिसके कारण कंज्यूमर व किसानों को गंभीर परिणाम भगतने होंगे। इसलिए पीएम को मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर बिजली के हितधारकों कर्मचारी व कंज्यूमर की मीटिंग बुलाकर डिटेल डिस्कशन करने की आवश्यकता है।

श्री लांबा ने बताया कि ईईएफआई ने लोक सभा एवं राज्यसभा सांसदों से यूटी चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट, उप्र सरकार द्वारा पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम और राजस्थान डिस्कॉम के निजीकरण करने का मामला संसद में उठाने की मांग की थी। जिससे 6 राजनैतिक दलों के 14 सांसदों ने पीएम को पत्र लिखकर पब्लिक पॉवर यूटीलिटीज के किए जा रहे निजीकरण में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पीएम को लिखे पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में जनता दल यूनाइटेड से प्रोफेसर मनोज कुमार झा व संजय यादव, समाजवादी पार्टी से जयवी अली खान, सीपीआई से कॉमरेड पी.संतोष कुमार व पी.पी.सुंदर, सीपीआई एम से कॉमरेड अमराराम, एस वीनकात सेन, के राधाकृष्णन, आर संचिता नाथम, जोहन ब्रीटास, डाक्टर वीशिवादासन व एए रहीम एआईय-एमएल से पीवी अब्दुल वहीब व हरीश बीरान शामिल हैं।

## मीडियाकर्मियों पर उठाते है सवाल, मेला कर्मी करते हैं गोलमाल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



फरीदाबादः सूरजकुंड मेले में जहां रविवार को सीएम ने बीजेपी की जीत पर बात की। वहीं दूसरी तरफ रविवार और शनिवार भीड़ बढ़ाने के उद्देश्य से सात से 23 फरवरी तक मेला लगाया गया है। जबकि इस बार सूरजकुंड मेले में दिल्ली की तरफ से आने वाले लोग ही कम नजर आए। हरियाणा की तरफ से आने वाले लोगों का तो मेले में तांता लगा हुआ था। वहीं इस बार दिल्ली वाले गेट से आने वाले लोगों की संख्या काफी कम थी। ऐसे में लगता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का यह मेला धीरे धीरे अपनी पहचान खो रहा है, क्योंकि लोगों का रुझान पहले से काफी कम हो गया है। वहीं मीडिया के कार्ड पर खाने के पीछे लगातार बबाल हो रहा है। लेकिन इस बार अधिकारी जहां एक कार्ड पर खाने की एंट्री एक ही करवा रहे है, तो वहीं बाद में उस पर खाने वालों की संख्या बढ़ा देते है। ऐसा ही यहां देखने को मिला।

कवरेज की कमी, हस्तशिल्पी भी परेशान : इस बार मेले में कवरेज की कमी काफी है, दिल्ली और फरीदाबाद की मीडिया इस बार मेले में कम है। जिसके कारण मेले का प्रचार प्रसार कम हो रहा है। जिस कारण भीड़ पिछले साल के मुकाबले काफी कम है। इसका मुख्य कारण चुनाव भी है। दिल्ली में मेले की शुरूआत से पहले इलेक्शन थे, तो वहीं अब फरीदाबाद में चुनाव आयोग ने इलेक्शन की घोषणा कर दी है। जिसमें दो मार्च को चुनाव की घोषणा की गई है। जिसके कारण अधिकांश पत्रकार चुनाव में व्यस्त है, तो कुछ को जिला लोक सम्पर्क अधिकारी की तरफ से मेला कवरेज की अनुमति ही नहीं दी है। ऐसे में भीड़ कम है। वहीं हस्तशिल्पी भी परेशान है। क्योंकि उन्हें दिए गए स्टॉल का स्थान काफी कम है, मेला प्रबंधन बाहर सामान रखने के लिए उनसे अलग से पैसों की डिमांड कर रहा है। जिस कारण वह परेशान है। मेले में अधिकांश स्टॉल खाली भी पडे हुए है। जबकि हस्तशिल्पी परेशान हो रहे है।

हरियाणा टूरिज्म के अधिकारी कर रहे मनमानीः हरियाणा टूरिज्म के अधिकारी मीडिया कर्मियों के कार्ड पर अपने निजी मेहमानों को भोजन करवा रहे हैं। ऐसा ही मामला हमारे संवाददाता और फोटोग्राफर की नजर में आया। जहां एक मीडियाकर्मी के कार्ड पर एंट्री एक ही व्यक्ति के खाने की करवाई गई, उसके जाते ही एक की एंट्री को पांच व्यक्तियों में तब्दील कर दिया गया।

## 16 विद्यार्थियों ने कोचिंग के लिए दी चयन परीक्षा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फरीदाबादः मानव सेवा समिति द्वारा संचालित मानव सुपर 21 में कोचिंग के लिए रविवार को मानव ड्रावन सेक्टर 10 में चयन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा सत्र 2025-26 में 11वीं, 12 वीं में नॉन मेडिकल व मेडिकल की पढ़ाई करने वाले 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मानव सुपर 21 के संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि परीक्षा परिणाम के आधार पर शुरू के टॉपर 11 विद्यार्थियों की कोचिंग 15 मार्च से शुरू की जाएगी। मानव सुपर 21 के संरक्षक अरुण आहूजा व रोशनलाल बोरड ने कहा है कि कोचिंग एक्सपर्ट प्रोफेसर सुभाष शर्मा, एन के गर्ग, सौरभ अरोड़ा, राजेश कुमार, विवेक भाटिया, केएल दुआ समिति के इस शुभ कार्य में अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# लोगों ने कर स्वास्थ्य जांच शिविर में करवाई जांच

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




फरीदाबादः हरियाणा के शहरी निकाय विकास मंत्री विपुल गोयल कहा कि जो लोग अपने बुजुर्गों की सेवा करते हैं, उन परिवारों के लिए बड़े बुजुर्ग साक्षात ईश्वर का रूप होते हैं। सेक्टर 16 के सामुदायिक भवन में स्व पी आर धमीजा की पुण्य तिथि पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आए श्री गोयल ने कहा कि उन्हें पिछले करीब 40 वर्षों से श्री धमीजा का आशीर्वाद मिलता रहा, बेहद पराक्रमी व्यक्ति थे। उनका परिवार उनकी याद में हर साल चिकित्सा शिविर लगा ना केवल उन्हें याद करता है बल्कि उन्हें अमर बनाए हुए है।

प्रदेश के खाद्य आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर ने इस शिविर में पहुंच कर शिविर के आयोजक परिवार व एकॉर्ड हॉस्पिटल की टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाजिक व पारिवारिक संस्कारों को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि धमीजा परिवार हर साल चिकित्सा शिविर लगवा बड़े बुजुर्गों व लोगों को स्वस्थ बनाने के लिए योगदान दे रहा है। इस जांच कैंप बड़ी संख्या में लोगों का आना इस बात का परिचायक है कि शिविर में कोई न कोई विशेषता है और धमीजा परिवार लगन से इसे आयोजित करता है।

मंत्री श्री नागर ने श्री धमीजा को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और परिवार व सेक्टर-16 के सीनियर सिटीजंस वेलफेयर सोसाइटी को इसके लिए बधाई दी।

इस जांच शिविर में 300 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। एकॉर्ड हॉस्पिटल के सहयोग से लगाए गए इस कैंप में फ्रइब्रोस्केन (लिवर टेस्ट) तथा बीएमडी टेस्ट यानी हड्डियों की जांच, जिसमें हड्डियों की कमजोरी का पता चलता है, जैसे महंगे टेस्ट फ्री में किए गए। इसके अलावा ईसीजी, बीपी व ब्लड शुगर जैसे अनेक टेस्ट भी मुफ्त किए गए तथा एकॉर्ड हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लोगों की जांच कर उन्हें मुफ्त सलाह दी।

इस अवसर पर निवर्तमान मेयर सुश्री सुमन बाला, पूर्व डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, जाने माने उद्योगपति आरएस गांधी, आर के चिलाना, कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़े लखन सिंगला, सुमित गौड़, सतवीर डागर, सत्यजीत बेदी, सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी रमेश पाल, भाजपा नेता अनिल प्रताप सिंह व राजन मुथरेजा, पवन खन्ना, जुगल किशोर, अरुण शर्मा सहित कई जानी हस्तियों ने स्वर्गीय पी आर धमीजा को पुष्पांजलि अर्पित की तथा आयोजन के लिए उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इस माध्यम से उन्हें आज भी समाज में जीवित रखा हुआ है।

खबरें फटाफट

## वाहन लुटेरों का गढ़ बनता जा रहा बाराबंकी जिला

बाराबंकी । बाराबंकी/अपडेट।राजधानी लखनऊ से सटा बाराबंकी जिला इस समय चार पहिया व दोपहिया वाहनों के लूट का गढ़ बनता जा रहा है। हालांकि एसपी बाराबंकी दिनेश सिंह की पुलिस तमाम मामलों का खुलासा भी कर रही है। पुलिस द्वारा अपराधियों के लगातार एनकाउंटर भी किए जा रहे हैं लेकिन तब भी बाराबंकी जिला, वाहनों के लूट का केंद्र बन गया है।* राजधानी समेत अन्य जिलों के अपराधी यहां आकर घटना को अंजाम देकर चलता बनते है। अभी कुछ दिन पहले जिले के सफदरगंज थाने के निवासी अर्टिगा कार चालक पंकज कुमार की वाहन लूट के बाद हत्या कर दी गई। काफी खोजबीन के बाद उसमें शामिल 5 अपराधियों को तो बाराबंकी पुलिस अरेस्ट कर जेल भेज पाई लेकिन पुलिस को अभी भी मृतक अर्टिगा चालक के शव की तलाश है। कोतवाल सफदर गंज में बताया कि मृतक का शव अपराधियों ने शारदा नहर में फेंक दिया था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है,जो इसमें शामिल अपराधी जेल गए हैं, उन्हें रिमांड पर लाकर पूछताछ की जाएगी।

ज्ञात हो कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दादरा निवासी 41 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र प्रेमशंकर अर्टिगा कार नंबर यूपी 32 वी एन 6387 का चालक है, जो गत 24 जनवरी को गोरखपुर बुकिंग को लेकर निकला था। कई दिन बाद भी वापस न आने से चिंतित लापता वाहन चालक के पिता प्रेमशंकर ने 27 जनवरी को थाना सफदरगंज मे गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## महाकुम्भ से लौट रही थार कार ट्रक के पीछे घुसी, दो की मौत व तीन घायल



फतेहपुर। जिले में रविवार को महाकुंभ से लौटते समय थार कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे घुस गई, जिससे कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल गये हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-प्रयागराज हाईवे-2 पर सेंट मैरी स्कूल के सामने प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वापस लौट रही थार कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। थार में पांच लोग सवार थे जो आपस में मित्र हैं। कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि घटना में अवशेष गुप्ता (22) पुत्र अमन गुप्ता निवासी अमापुर, कासगंज व राहुल यादव (25) पुत्र कुंवर पाल यादव निवासी आवास, मैनपुरी की मौके पर ही मौत हो गई। मैनपुरी व कासगंज निवासी श्रद्धालुओं में अनमोल गुप्ता, काव्य गुप्ता निवासी अमापुर, कासगंज व मैनपुरी के पंजाबी कॉलोनी निवासी चिराग गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पापा ने मम्मा को माचिस से जला दिया , अब मुझे भी जला देंगे

**ये कहना है ढाई साल के उस बेटे का, जिसके पिता ने अपनी पत्नी को पहले बहुत मारा**

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। मुझे पापा के पास नहीं जाना। पापा ने मम्मा को माचिस से जला दिया। अब मुझे भी जला देंगे। ये कहना है ढाई साल के उस बेटे का, जिसके पिता ने अपनी पत्नी को पहले बहुत मारा। उसके बाद कालीन में लपेटकर आग लगा दी।

बेटे के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी लेदर कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी शीबा एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर का विरोध करती थी। जिसको लेकर पति ने वारदात की। महिला 50 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गई है, हालत गंभीर है। पश्चिम बंगाल के श्रीनाथ पोरेल लेन हावड़ा निवासी शीबा तबस्सुम की शादी जाजमऊ केडीए कॉलोनी निवासी लेदर कारोबारी आबिद रियाज से 14 फरवरी 2020 को हुई थी। शीबा ने बताया कि लेदर कारोबारी ने पहली पत्नी को तलाक देने के बाद उससे निकाह किया। इसके बाद भी उसका पहली पत्नी समेत कई महिलाओं से अफेयर चल रहा है। इसका विरोध करने पर आए दिन वो मुझे मारता था और मेंटल टॉर्चर करता था। आबिद दहेज में कार और कैश की डिमांड कर रहा था।

शीबा ने बताया, 19 जनवरी 2025 की रात करीब ढाई बजे पति ने मेरे साथ मार-पीट की। फिर सिंथेटिक की कालीन में मुझे लपेटकर आग लगा दी। मैं रोती रही, चिल्लाती रही। लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा।

मैं जल रही थी और मेरा ढाई साल का बेटा सबकुछ अपनी आंखों से देख रहा था। उसके ऊपर इसका बहुत बुरा असर पड़ा है। वो मुझे मम्मा-मम्मा कहकर बहुत रो रहा था। मुझे अपने पास बुला रहा था। लेकिन मैं बहुत तरह से जल चुकी थी।फिर मैंने बहुत हिम्मत करते हुए पुलिस को और अपने मायके वालों को फोन किया। इस बीच ससुराल वालों ने धमकी दी कि पुलिस को अगर सच बताया तो तुम्हारे बच्चे को मार देंगे। इसलिए पुलिस को मॉर्टिन क्वाइल से जलने की ही बात बताई। जब पुलिस आई तब मुझे उर्सला अस्पताल लेकर गई। मेरा बच्चा ससुराल वालों के ही पास था। मैं बहुत बुरी तरह झुलस गई थी। पुलिस के पहुंचने तक मेरे शरीर का 50 प्रतिशत हिस्सा जल चुका था।

शीबा ने बताया, मैंने और मेरे मायके वालों ने पहले तो डर की वजह से पुलिस और मजिस्ट्रेट के सच्चाई नहीं बताई। वो लोग मेरे बेटे को मेरे पास अस्पताल भी नहीं ला रहे थे। इसलिए मैंने पुलिस से गुहार लगाई कि आप लोग मेरे बेटे को मेरे पास ला दीजिए। जब बेटा मेरे पास आया तो मेरी हिम्मत बंधी।

अब मुझे लगा कि अस्पताल में मैं और मेरा बेटा सुरक्षित रहेगा। फिर शुक्रवार को मैंने पुलिस को पूरी सच्चाई बताई। 19 दिन से मेरी हालत मुर्दे की तरह हो गई है। न ठीक से जी पा रही हूं और न ही मर रही हूं। मायके वाले आए हुए हैं, वो भी बच्चे को लेकर डरे हुए हैं।

## रसूलाबाद में सड़क हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात के रसूलाबाद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजीत के रूप में हुई है, जो कठारा कोतवाली मंगलपुर का निवासी था और अपनी बेटी अनुपम के घर निराला नगर में रह रहा था। घटना बीती रात की है, जब रंजीत शौच से लौट रहे थे। बिल्हौर रोड पर काशीराम कॉलोनी के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पुत्र विकास सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र विकास की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रसूलाबाद कोतवाल अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और वाहन की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्रदेश सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजन को मिले समाज में बराबर का दर्जा : नरेंद्र कश्यप



नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर। दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और समाज में बराबर की हिस्सेदारी दिलाने के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। फिर चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, व्यापार के लिए ऋण देना हो या फिर पेंशन योजना, प्रदेश के करीब ग्यारह लाख दिव्यांगों को बारह हजार रुपये प्रति माह उनके भरण-पोषण के लिए दिया जा रहा है। जिसे पाकर दिव्यांग संतुष्ट है। हमारा उद्देश्य है कि दिव्यांजनों को सभी के समान काम और सम्मान मिले। यह बातें रविवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कही।

दिव्यांगजनों की कला को समाज के सामने प्रस्तुत करने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से मोतीझील स्थित लाजपत भवन में दो दिवसीय हुनर दिव्य मेला का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में करीब 50 स्टाल लगाए गए। जिसका शुभारंभ करने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रेरित करते हुए कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें उनके हाथों द्वारा निर्मित वस्तुओं के प्रदर्शनी के माध्यम से समाज को आकर्षित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश का दिव्यांग सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठा रहा है। समय-समय पर उन्हें पेंशन समेत सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रहीं हैं। यही कारण है कि प्रदेश के ग्यारह लाख दिव्यांग प्रति माह बारह हजार रुपये पेंशन भरण-पोषण के लिए प्राप्त कर रहे हैं। जबकि कुष्ठ रोगियों को प्रति माह तीन हजार रुपये दिया जा रहा है। आने वाले समय में सरकार इसी तरह से योजनाओं के जरिये उन्हें लाभान्वित करती रहेगी।

## डॉ रूपा आई क्लिनिक मे नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर कैम्प का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। एमआईजी रतनलाल नगर स्थित साउथ गैलेक्सी के सामने डॉ रूपा आई क्लिनिक परिसर में रविवार को निशुल्क नेत्र शिविर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप शिविर में मरीजों की काफी भीड़ मौजूद रही। डॉ रूपा आई क्लिनिक परिसर मे निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर मे सामाजिक संस्था वृंदविला फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था के डायरेक्टर वरिष्ठ समाजसेवी पवन गुप्ता मौजूद रहे। डॉ रूपा सिंह ने बताया की नियमित नेत्र जांच न केवल सटीक दृष्टि बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि मोतियाबिंद और ग्लूकोमा जैसी संभावित गंभीर नेत्र स्थितियों का पता लगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन जांचों के महत्व को समझते हुए, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए एक कदम उठाया कि रविवार रतनलाल नगर स्तिथ क्लिनिक मे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के माध्यम से सभी के लिए त्वरित और व्यापक नेत्र जांच सुलभ हो।

इस शिविर के माध्यम से हमने स्थानीय लोगों से बात की और उन्हें आँखों की देखभाल के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्हें विभिन्न प्रकार की आँखों की बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे में बताया गया। हमने लोगों को ज़रूरत पड़ने पर मुफ़्त आई ड्रॉप और दवाइयाँ उपलब्ध कराईं। दूर और निकट दृष्टि दोष के मामलों में, उनके जीवन को आसान बनाने में मदद करने के लिए उन्हें मुफ़्त चश्मा भी दिया गया। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर किसी को अपनी वित्तीय परिस्थितियों की परवाह किए बिना सर्वोत्तम संभव नेत्र देखभाल प्राप्त करने का अवसर मिलना चाहिए। इसके बाद शिविर में आए हुए 200 मरीजों को का नेत्र परीक्षण किया गया।

## बजट पर सम्मेलन कार्यक्रम के जरिये जन-जन पहुंचेगा बजट का महत्व : प्रकाश पाल

कानपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए 11 से 23 फरवरी तक कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों में प्रेस वार्ता, बजट पर सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके जरिए केंद्र सरकार के आम बजट 2025-26 को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह बातें रविवार को कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 11 फरवरी को सभी बूथों पर ₹समर्पण दिवस₹ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पंडित जी की प्रतिमा या चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद, पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए स्वेच्छा से दस रुपये या उससे अधिक की समर्पण राशि अर्पित करेंगे।

## अंत्योदय कार्ड पर निर्धारित राशन की जगह दिया जा रहा है कम राशन, विरोध करने पर दी जा रही है धमकी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। तहसील सिकंदरा के राजपुर विकासखंड स्थित बुधौली गांव में उचित दर विक्रेता रघुनाथ द्वारा नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

लगभग 700 राशन कार्डधारकों को सेवा देने वाली इस दुकान पर कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। 20 वर्षों से मजदूरी करने वाले जगराम ने बताया कि उनके अंत्योदय कार्ड पर निर्धारित 35 किलो की जगह मात्र 30 किलो राशन दिया जाता है। विरोध करने पर राशन से वंचित करने की धमकी दी जाती है।

गांव की सात महिलाओं - सुमन देवी, सुनीता देवी, कमला देवी, रामा देवी, रीता देवी, माया देवी और भूरी देवी ने राशन वितरण में गड़बड़ी का खुलासा किया है। ई-पॉस मशीन से जुड़े कांटे पर पहले से तैयार पैकेट रखे जाते हैं, जबकि वास्तविक तौल अलग कांटे से की जाती है। इसके अलावा, प्रत्येक कार्डधारक को ₹100 का अतिरिक्त सामान जैसे चाय पत्ती, हींग, डिटर्जेंट पाउडर और केक खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है।

जिला पूर्व निरीक्षक अभिषेक कुरील ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसील सिकंदरा पूर्ति निरीक्षक को जांच के लिए भेजा है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह स्थिति सरकार की महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजना के उद्देश्य को विफल कर रही है, जिसका मुख्य लक्ष्य गरीब परिवारों को राहत प्रदान करना है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## पंचम लघु खिचड़ी भोग का हुआ भव्य आयोजन

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी के हरजिंदर नगर मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने आज तिरंगा चौराहा जे के कालोनी, जाजमऊ में पचम लघु खिचड़ी भोग का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, निवर्तमान महामंत्री राकेश तिवारी, मनोज शुक्ला, राजेश अवस्थी, अमिताभ पाण्डेय सहित समाज सेवियों व भारतीय नेताओं ने शिरकत किया। इस बाबत उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने सम्बोधन में कहा कि लगातार पांच साल से भव्य खिचड़ी वितरण कर समाज में एक अलग सराहनीय कार्य कर रहे हैं। राकेश तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा की आज दुगनी खुशी हो रही है, 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। आप पार्टी की सरकार लगातार झूठ बोल रही थी इस बार जनता ने सबक सिखा दिया है, भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में ही नहीं विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। इसमें प्रमुख रूप से सुरेन्द्र सिंह, भानू प्रकाश शुक्ला, तरूण यादव, हरी ओम दुबे, रामचंद्र , शिव सुनील गुप्ता, अनिल राय आदि लोग मौजूद रहे।

# महाकुम्भ में उमड़ पड़ा आस्था का जनसैलाब, अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का हर पल लेते रहे अपडेट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण होकर संगम की धरती पर चले आ रहें है। माघ मास के सभी स्नान सबसे महत्वपूर्ण व पुण्यदायी होते हैं। देश के कोने—कोने से भारी संख्या में जनसमूह चला आ रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी हर पल पुलिस कर्मचारियों से जानकारी लेते रहे।

तीर्थराज प्रयाग की पवन धरती चल रहे महाकुम्भ में पुण्य अर्जित करने के लिए रविवार को स्नानार्थियों एवं श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। संगम में आस्था की डुबकी लगाने के जन सैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालुओं की भीड़ ऐसी है कि जैसे कोई प्रमुख स्नान पर्व चल रहा हो, जिसमे करोड़ों श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लगातार चले आ रहे हैं। मेला क्षेत्र में क्या दिन, क्या रात बस श्रद्धालुओ की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है।

श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान के लिए सभी प्रवेश द्वारों,चौराहों,पार्किंग स्थलों,स्नान घाटों पर व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गये हैं। सम्पूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र मे पुलिस की विभिन्न टीमें व्यवस्थापित की गई हैं एवं संगम सहित अन्य स्नान घाटों पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर स्नानार्थियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किये गये हैं। कमाण्ड सेंटर से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर सतर्क दृष्टि रखते हुए लगातार मेले की गतिविधियों की जानकारी अधिकारी लेते रहे।

मेला क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों से 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि सुरक्षित स्नान कर अपने गंतव्य को सकुशल वापस जाये एवं मेला क्षेत्र में आने और जाने के लिए निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें।

## हनुमान मंदिर के पास रखे जल निगम के पाइपों में देर शाम अचानक लगी आग



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर के घाटमपुर में जल निगम को बड़ा नुकसान हुआ है। जहांगीराबाद गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास रखे जल निगम के पाइपों में देर शाम अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि देखते ही देखते लाखों रुपए के पाइप जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने जैसे ही आग की लपटें देखीं, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। जल निगम के अधिकारियों के अनुसार मंदिर के पास बड़ी संख्या में पाइप स्टॉक किए गए थे।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या यह आग दुर्घटनावश लगी या फिर किसी की लापरवाही का नतीजा है। जल्द ही पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# सपा विधायक नसीम सोलंकी के बहनोई के घर हुई 90 लाख की चोरी

**इसका CCTV वीडियो सामने आया, जिसमें 3 नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया**

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर में सपा विधायक नसीम सोलंकी के बहनोई के घर 90 लाख की चोरी हुई है। इसका CCTV भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि 3 नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

शनिवार रात हुई इस चोरी में चोर 2.5 लाख रुपए नकद, एक KG सोना-चांदी के जेवरात व अन्य सामान ले गए। सूचना पर जाजमऊ व चकेरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। नसीम सोलंकी के बहनोई जावेद आलम बड़े चमड़ा कारोबारी हैं। जाजमऊ के पॉश इलाके डिफेंस कॉलोनी में जावेद आलम का घर है। संजय नगर में उनकी टेनरी (फैक्ट्री) है। जावेद अपनी पत्नी शमीम बानो के साथ रहते हैं। शमीम बानो ने बताया- शुक्रवार को उनकी बेटी अपने बच्चों जोहा, जिलफ और नाज के साथ आई थी।शमीम ने बताया- बेटी मकान में पहले फ्लोर पर सो रही थी। जबकि मैं और मेरे पति जावेद दोनों ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे थे। शनिवार को पहले फ्लोर पर सुबह 6 बजे जब मैं नमाज पढ़ने के लिए गई तो हमें चोरी की घटना की जानकारी हुई।उन्होंने बताया- मैंने अपने पति को चोरी के बारे में बताया। सूचना पर एसीपी कैंट, जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंचा। छानबीन की गई। पुलिस ने इलाके के फुटेज भी देखे हैं।

पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी चेक किए तो तीन बदमाश दिखाई दिए। इसमें दिख रहा है कि तड़के साढ़े 3 बजे 3 नकाबपोश चोर पीछे की दीवार फांदकर छत पर आए। यहां से सीढ़ी के रास्ते दरवाजा खोलकर अंदर घुसे।

यहां कमरे में जाकर अलमारियों को तोड़ा। उसमें रखे एक किलो सोने के जेवर, कुछ चांदी के जेवर और ढाई लाख नकद व अन्य सामान ले गए। चोर छत के रास्ते से ही भाग निकले।

जावेद आलम के पड़ोस में बैंक में असिस्टेंट विपिन चन्द्र मिश्रा का मकान है। चोर इन्हीं की छत से होते हुए चमड़ा कारोबारी के यहां पहुंचे। विपिन चन्द्र मिश्रा के मुताबिक, चोरों को उनके यहां कुछ नहीं मिला तो उनकी पोती का स्कूल बैग ले गए। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया- सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे हैं। उसमें जो नकाबपोश दिखे हैं। उनकी पहचान की जा रही है। पुलिस की तीन टीमों को घटना के खुलासे के लिए लगाया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रूट और डकेट के अर्धशतक, इंग्लैंड 304 रन पर सिमटा



कटकः (भाषा) बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने मध्य के ओवरों में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 49.5 ओवर में 304 रन पर समेट दिया। बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर जडेजा ने आक्रामक बेन डकेट (65 रन) और क्रीज पर जम चुके जो रूट (69 रन) को आउट किया जिससे इंग्लैंड मजबूत शुरूआत को बड़े स्कोर तक नहीं बढ़ा सका।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने डकेट, रूट और कप्तान जोस बटलर (34 रन) के योगदान से अच्छी नींव रखी। इंग्लैंड का स्कोर 35 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन था जिससे लग रहा था कि टीम 330 से अधिक रन बनाने में सफल रहेगी।

लेकिन जडेजा की अनुशासित गेंदबाजी ने उनकी रन गति पर लगाम कसी। लियाम लिविंगस्टोन ने 32 गेंद में दो चौके और दो छक्के से 41 रन और आदिल राशिद ने पांच गेंद में 14 रन नहीं बनाए होते तो स्कोर यहां तक नहीं पहुंचता। इंग्लैंड के तीन खिलाड़ी अंतिम दो ओवर में रन आउट हो गए जिससे टीम एक गेंद पहले सिमट गई।

बाराबती स्टेडियम में यह 2011 के बाद से सबसे कम स्कोर है क्योंकि तब से यहां औसत स्कोर 350 से अधिक का रहा है। जडेजा ने वाइड गेंद से डकेट को शॉट खेलने के लिए लुभाया, इस बल्लेबाज ने लेग साइड में खेलने की कोशिश की और हार्दिक पंड्या ने कैच लपक लिया। जडेजा ने वनडे में पांचवीं बार रूट को चलता किया, इंग्लैंड के बल्लेबाज ने डीप एक्स्ट्रा कवर पर कवर ड्राइव लगाने का प्रयास किया और कोहली को कैच दे बैठे। जडेजा ने अपने स्पैल की अंतिम गेंद पर जेमी ओवरटन को आउट किया और शुभमन गिल ने पारी के दौरान तीसरा कैच लपका। भारत ने हालांकि कुछ गलत फैसले लेकर दो रिव्यू गंवा दिए। दोनों ही रूट के खिलाफ रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (54 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर थे।

हर्षित राणा महंगे साबित हुए जिन्होंने अपने दो ओवरों में 14 रन दिए जिसमें डकेट ने उनकी रफ्तार का फायदा उठाया और आसानी से शॉट लगाए। डकेट शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 36 गेंद में अर्धशतक जड़ दिया। फिल सॉल्ट ने पारी का पहला छक्का जड़ते हुए पंड्या की धीमी गेंद को लांग ऑन पर भेज दिया। इंग्लैंड ने 10 ओवर में बिना विकेट गंवाये 75 रन बना लिए थे लेकिन सॉल्ट अच्छी शुरूआत को नहीं भुना पाए और 11वें ओवर में पदार्पण करने वरूण चक्रवर्ती का शिकार बने। डकेट को जडेजा ने पवेलियन भेजा जिससे इंग्लैंड का स्कोर बिना विकेट पर 81 रन से दो विकेट पर 102 रन हो गया। भारत को दबाव बनाने का सही मौका मिल गया, पर रूट और हैरी ब्रुक (31 रन) ने इंग्लैंड की पारी को संभाला तथा छह रन प्रति ओवर की गति से स्कोर आगे बढ़ाया। रूट की बदौलत इंग्लैंड ने 27 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बना लिए। लेकिन रोहित शर्मा ने हर्षित राणा को गेंदबाजी पर वापस लगाया और गिल के शानदार क्षेत्ररक्षण से यह साझेदारी 66 रन पर रुक गई।

## फ्लडलाइट की खराबी से भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे में हुआ 35 मिनट का विलंब

कटक (भाषा) बीसीसीआई के लिए बड़ी शर्मिंदगी की बात यह रही कि रविवार को यहां बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड और भारत के बीच खेले जा रहे दूसरे वनडे मैच में फ्लडलाइट की खराबी के कारण खेल लगभग 35 मिनट तक रोकना पड़ा। जब फ्लडलाइट खराब हुई तब मेजबान टीम ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना विकेट गंवाये 48 रन बना लिए थे। भारत अच्छी स्थिति में था लेकिन ह्यक्लॉक टॉवरह्व के पास लगी आठ फ्लडलाइट में से एक फेल हो गई जिससे खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा।

यह समस्या सबसे पहले शाम करीब सवा छह बजे सामने आई, जब कुछ फ्लडलाइट कुछ देर के लिए बंद हो गई। लेकिन जैसे ही इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद गेंदबाजी करने वाले थे, यह शुरू हो गई। पर कुछ देर बाद लाइट पूरी तरह से बंद हो गई जिससे खिलाड़ी निराश हो गए। एक अधिकारी ने कहा, फ्लडलाइट के साथ जुड़ा जनरेटर खराब हो गया था इसलिए क्लॉक टॉवर के पीछे वाले स्टैंड पर लाइटें बंद हो गई थीं। हमने बैक-अप जनरेटर चालू किया। एक जनरेटर से दूसरे जनरेटर में कनेक्शन बदलने में समय लगा, जिससे देरी हुई। कप्तान रोहित शर्मा शानदार फॉर्म में दिख रहे थे और 18 गेंदों पर तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 29 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि शुभमन गिल 19 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### कप्तान अंकित के शतक से मुंबई के खिलाफ हरियाणा की स्थिति मजबूत

कोलकाता (भाषा) कप्तान अंकित कुमार की शतकीय पारी की मदद से हरियाणा ने गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन रविवार को स्टंप तक पांच विकेट पर 263 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। सलामी बल्लेबाज अंकित ने मुंबई के गेंदबाजों पर हावी होते हुए 136 रन की पारी खेलकर लगातार दूसरा शतक जड़ा। दूसरे दिन के खेल के बाद हरियाणा की टीम मुंबई से पहली पारी के आधार पर 53 रन पीछे है।
इससे पहले तनुष कोटियान (97) तीन रन से शतक से चूक गये लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी से मुंबई की टीम पहली पारी में 315 रन बनाने में सफल रही।
मुंबई की टीम ने दिन की शुरूआत आठ विकेट पर 278 रन से की थी। कोटियान संयमित बल्लेबाजी से प्रथम श्रेणी में तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन सुमित कुमार (81 रन पर तीन विकेट) का तीसरा शिकार बन गये। दसवें क्रम के बल्लेबाज मोहित अवस्थी (21) टीम को 300 रन के पार पहुंचाने में सफल रहे। मुंबई ने दिन की शुरूआत में 45 मिनट बल्लेबाजी की जिससे पिच की नमी कम हो गयी और हरियाणा के बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गयी। अंकित ने लक्ष्य दलाल (34) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी कर मजबूत नींव रखी। दिन के दूसरे सत्र में शारदुल ठाकुर ने उन्हें दलाल को आउट कर मुंबई को पहली सफलता दिलायी। हरियाणा के कप्तान ने हालांकि शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। उन्हें तेज गेंदबाजों के खिलाफ कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने अपनी पारी के 21 में से 16 चौके तेज गेंदबाजों के खिलाफ जड़े। उन्होंने यशवर्धन दलाल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

## गुजरात की मौजूदा चैंपियन वैदेही राष्ट्रीय खेलों के टेनिस महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंची

देहरादून (भाषा) गत चैंपियन गुजरात की वैदेही चौधरी रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। वैदेही ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में हरियाणा की अंजलि राठी को 6-1, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला सोमवार को महाराष्ट्र की आकांक्षा निटुरे से होगा।

आकांक्षा ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तेलंगाना की लक्ष्मी सिरी डांडू को 6-3, 4-6, 6-2 से हराया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला कर्नाटक की अमोदिनी नाइक और महाराष्ट्र की वैष्णवी अडकर के बीच होगा। अमोदिनी ने अंतिम आठ में हरियाणा की अदिति रावत को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया, जबकि वैष्णवी तमिलनाडु की लक्ष्मी प्रभा अरुणकुमार पर 6-3, 7-5 से विजेता बनीं।

महिला युगल में वैदेही और जील देसाई की गुजरात की जोड़ी ने हरियाणा की अंजलि राठी और अदिति त्यागी को 6-3, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना महाराष्ट्र की पूजा इंगले और आकांक्षा निटुरे की जोड़ी से होगा। महाराष्ट्र की जोड़ी ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड की दीया चौधरी और जया कपूर को 5-7, 6-4, 10-8 से हराया।

## फ्रीस्टाइल शतरंज : गुकेश क्वार्टर फाइनल में करुआना से भिड़ेंगे



विश्व चैंपियन डी गुकेश दो बाजियों के क्वार्टर फाइनल में फाबियानो करुआना से भिड़ेंगे क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने अनूठे प्रारूप वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में मुकाबले के लिए भारतीय खिलाड़ी को चुना है।

गुकेश ने 10 प्रतिभागियों के बीच आठवें स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में जगह बनाई। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसेव और अमेरिका के लेवोन अरोनियन नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे। रेपिड शतरंज नियमों के तहत खेले गए राउंड रोबिन चरण के बाद फेदोसेव और अरोनियन अंतिम दो स्थान पर रहे थे।

फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने अंतिम दौर में शीर्ष पर चल रहे उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। टूनार्मेंट के नियमों के अनुसार राउंड रोबिन के बाद शीर्ष तीन खिलाड़ियों को क्वार्टर फाइनल में अपने विरोधियों को तय करने का अधिकार है। फिरोजा ने अंतिम आठ में अपने प्रतिद्वंद्वी के रूप में जर्मनी के विन्सेंट केमर को चुना जबकि सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को चुनकर सभी को चौंका दिया। करुआना ने गुकेश को चुना। एक अन्य मुकाबला नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच होगा। नॉकआउट एक अलग प्रारूप होगा और क्लासिकल शतरंज नियमों के तहत खेला जाएगा। इस प्रारूप में बाजी की शुरूआत से ठीक पहले मोहरों की स्थिति बदल दी जाती है और बाजी शुरू करने के कौशल के बजाय वास्तविक शतरंज कौशल की परीक्षा होती है। मोहरों को रखने के 960 अलग-अलग तरीके हैं इसलिए यह प्रारूप अब तक शतरंज 960 के नाम से लोकप्रिय है। प्रत्येक नॉकआउट में दो बाजियां होंगी और टाई होने पर विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि की बाजियां खेली जाएंगी। इस टूनार्मेंट की कुल इनामी राशि 7,50,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें से दो लाख डॉलर विजेता को मिलेंगे। इस साल अब तक पांच टूनार्मेंट की घोषणा की जा चुकी है और शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों के लिए डेढ़ लाख डॉलर, एक लाख डॉलर और 50 हजार डॉलर का अतिरिक्त बोनस है।

## जीव मिल्खा सिंह चैंपियंस टूर पर संयुक्त 28वें स्थान पर रहे



रबात (मोरक्को) (भाषा) भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने रविवार को यहां सत्र के शुरूआती पीजीए टूर चैंपियंस में एक ऐस लगाकर 75 का का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 28वें स्थान पर रहे। पहले दो दिन में 74 और 72 का कार्ड खेलने वाले जीव का कुल स्कोर दो ओवर का रहा।

मिगुएल एंजेल जिमिनेज (69) ने स्टीवन अल्कर को पछाड़कर दो स्ट्रोक से जीत दर्ज की।

## न्यूज ब्रीफ

### एयरो इंडिया-2025 में बीईएल नए रक्षा उत्पादों का प्रदर्शन करेगी

बेंगलुरु (भाषा) रक्षा क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) प्रदर्शनी ह्यएयरो इंडिया-2025ह्व में सशस्त्र बलों के लिए अपनी नवीनतम पेशकश का प्रदर्शन करेगी। एयरो इंडिया-2025 का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु के येलहंका वायुसेना स्टेशन पर किया जाएगा।
आधिकारिक बयान के अनुसार, एयरो इंडिया-2025 में बीईएल के उन्नत उत्पादों और प्रणालियों की एक श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी।
संचार उपकरणों में प्रमुख पेशकशों में सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो, रेडियो ऑन द मूव, तथा हाई कैपेसिटी रेडियो रिले शामिल हैं।

### अब बीपी का मुंबई हाई क्षेत्र से उत्पादन बढ़ाने के लिए ओएनजीसी से करार

नयी दिल्ली (भाषा) अमेरिका की दिग्गज कंपनी मैराथन ऑयल के मुंबई हाई तेल और गैस क्षेत्रों से उत्पादन बढ़ाने के लिए निवेश और प्रौद्योगिकी के वादे, ऑक्सिडेंटल पेट्रोलियम जैसी कंपनियों की हिस्सेदारी की चाह और कम से कम दो निजीकरण बोलियां लगने की अब वैश्विक ऊर्जा दिग्गज कंपनी बीपी द्वारा मुंबई तट पर स्थित भारत के प्रमुख क्षेत्र से उत्पादन बढ़ाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर के रूप में हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने पिछले महीने बीपी के साथ एक तकनीकी सेवा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि पुराने क्षेत्र से घटते उत्पादन को रोका जा सके। दोनों कंपनियों के बयानों के अनुसार, बीपी ने एक निश्चित शुल्क के बदले भारत के सबसे बड़े क्षेत्र से तेल उत्पादन में 44 प्रतिशत और गैस उत्पादन में 89 प्रतिशत की वृद्धि करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## सैमसंग के तमिलनाडु संयंत्र में कर्मचारियों के एक वर्ग और कंपनी के बीच गतिरोध जारी



चेन्नई (भाषा) इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग के यहां पास में स्थित कारखाने में कर्मचारियों के एक वर्ग और प्रबंधन के बीच ताजा गतिरोध जारी है। हड़ताल की अगुवाई कर रही सीआईटीयू (सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स) के पदाधिकारियों ने कहा है कि सीआईटीयू विरोध को और तेज करने की योजना बना रहा है। सैमसंग इंडिया वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी पांच फरवरी से अपने तीन सहकर्मियों की बहाली की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं, जिन्हें प्रबंधन ने निलंबित कर दिया था।

सैमसंग इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सैमसंग कर्मचारियों द्वारा ऐसी किसी भी गैरकानूनी कार्रवाई का समर्थन नहीं करती है, जिससे कार्यस्थल पर औद्योगिक शांति भंग होती है।

श्रीपेरंबदूर जिले में कारखाने से लगभग दो किलोमीटर दूर सुंगुवरचत्रम में शनिवार शाम को सीआईटीयू के पदाधिकारियों ने अपने सचिव ई मुथु कुमार और समर्थकों के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। यूनियन ने मांग की कि निलंबित कर्मचारियों, जो सीआईटीयू के पदाधिकारी हैं, को बहाल किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनका निलंबन तत्काल वापस नहीं लिया गया तो वे विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे।

आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कुमार ने कहा कि सैमसंग इंडिया के कर्मचारी पांच फरवरी से कारखाने के अंदर धरना दे रहे हैं, जबकि सीआईटीयू अपने समर्थकों के साथ हड़ताली कर्मचारियों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए प्रदर्शन कर रही है। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में, पार्टी के झंडे लिए सीआईटीयू के लगभग 50 समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान मुद्दे को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाते हुए सैमसंग इंडिया और जिला प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए।

कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहेगी तथा उन्होंने तमिलनाडु के अन्य श्रमिक संघों से समर्थन मांगकर इसे और तेज करने की चेतावनी दी। इससे पहले, 2024 में वेतन संशोधन सहित विभिन्न मांगों को लेकर सैमसंग इंडिया के कर्मचारी 30 दिनों से अधिक समय तक हड़ताल पर रहे थे। बाद में तमिलनाडु सरकार के हस्तक्षेप के बाद इसे वापस ले लिया गया था।

## मप्र के मुख्यमंत्री यादव ने निवेशक सम्मेलन से पहले 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की



भोपाल (भाषा) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस महीने के अंत में होने वाले राज्य के वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले पिछले कुछ हफ्तों में ब्रिटेन से लेकर जापान तक के देशों के व्यापारिक दिग्गजों के साथ-साथ भारतीय औद्योगिक घरानों से संपर्क कर लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता हासिल की हैं। मध्यप्रदेश अपने भौगोलिक लाभ, व्यापार-समर्थक नीतियों और मजबूत बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर एक आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है, जो वैश्विक उद्यमों और दूरदर्शी उद्यमियों को आकर्षित करता है।

यादव के नेतृत्व में राज्य ने कई महत्वपूर्ण निवेश पहलों के माध्यम से अपने औद्योगिक परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के मिशन की शुरूआत की है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पर्याप्त निवेश प्रस्ताव हासिल करने और राज्य में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कई विदेशी और क्षेत्रीय दौरे किए।

पिछले साल उनकी ब्रिटेन और जर्मनी की छह दिवसीय यात्रा के परिणामस्वरूप 78,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। उनकी ब्रिटेन यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश को 59,350 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि जर्मनी ने 18,090 करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान दिया।

यादव ने कहा, ब्रिटेन की यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल का ध्यान खनिज, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य, वाहन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और खाद्य प्रसंस्करण पर केंद्रित था। जर्मनी में, हमने विशेष रूप से प्रौद्योगिकी अनुसंधान, हरित ऊर्जा और औद्योगिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया। ब्रिटेन स्थित एसआरएएम और एमआरएएम ग्रुप ने सेमीकंडक्टर और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पार्क में 25,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, हेलियन फार्मास्यूटिकल्स ने 3,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

जर्मनी की लॉन्ग हाउस पार्टनर्स ने प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षेत्र में 14,000 करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया है, जबकि एएमएस ओएसआरएएम ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने में रुचि दिखाई है।

यादव ने पिछले महीने जापान की चार दिवसीय यात्रा भी की थी, जिसका उद्देश्य व्यापार संबंधों को मजबूत करना और भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाले आगामी वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) के लिए निवेश आकर्षित करना था। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने शीर्ष उद्योगपतियों से मुलाकात की और मध्यप्रदेश में निवेश के लिए निमंत्रण दिया।

यादव ने कहा, हम मध्यप्रदेश को बदलने के लिए जापान के आधुनिक विकास मॉडल को अपना रहे हैं।

## कर्नाटक को निवेशक सम्मेलन में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद: मंत्री पाटिल



बेंगलुरु (भाषा) कर्नाटक के बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल ने कहा कि राज्य को इस सप्ताह आयोजित होने वाले द्विवार्षिक निवेशक सम्मेलन में विभिन्न उद्योगों के साथ लगभग 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताओं पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। बेंगलुरू में 11-14 फरवरी तक आयोजित होने वाले न्वेस्ट कर्नाटक 2025 - ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट (जीआईएम 2025) का उद्देश्य कर्नाटक को एक प्रमुख वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

पाटिल पीटीआई वीडियो से कहा, हमें करीब 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है। मंत्री एम बी पाटिल ने कहा कि यह निवेश केवल कागज पर नहीं रहेगा, बल्कि उसमें से कम से कम 70 प्रतिशत वास्तविकता में बदलकर लागू होगा। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 10 फरवरी को शाम चार बजे होगा।

उन्होंने कहा, राज्यपाल वहां मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अध्यक्षता करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन करेंगे। कई केंद्रीय मंत्री भाग लेने जा रहे हैं। इनमें कुछ 12 तारीख को, कुछ 13 को और कुछ 14 तारीख को भाग लेंगे। राज्य के मंत्री, उद्योगपति और बड़े नाम सभी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

## अपने कर योगदान के अनुपात में केंद्र से धन मांगना राज्यों की छोटी सोच : गोयल

मुंबई (भाषा) केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कुछ राज्यों द्वारा केंद्रीय कोष में उनके कर योगदान के अनुपात में केंद्रीय धन की मांग करना छोटी सोच और दुर्भाग्यपूर्ण है।

गोयल ने शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि अगर देश को समृद्ध बनाना है, तो पूर्वोत्तर के आठ राज्यों और बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड जैसे पूर्वी भारतीय राज्यों का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में मोदी सरकार का महाभारत के अर्जुन की तरह से ध्यान पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों पर रहा है। गोयल ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राज्य और कुछ नेता...मैं इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहता, लेकिन महाराष्ट्र के कुछ नेता कहते थे...पहले की सरकार के नेता जो ढाई साल तक सत्ता में रहे, वे मुंबई और महाराष्ट्र द्वारा चुकाए गए कर का हिसाब लगाते थे और मांग करते थे कि उन्हें उतनी राशि (केंद्रीय निधि) वापस मिलनी चाहिए।

गोयल का इशारा पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार की ओर था। उन्होंने कहा, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना जैसे कुछ राज्य हैं जो कहते हैं कि उन्हें उनके द्वारा चुकाए गए करों की राशि वापस मिलनी चाहिए। इससे बड़ी कोई छोटी सोच नहीं हो सकती। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता।

## हिमंत असम व्यापार शिखर सम्मेलन को बढ़ावा देने के लिए सिंगापुर का दौरा करेंगे



गुवाहाटी (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पूर्वोत्तर राज्य में होने वाले निवेशक सम्मेलन को बढ़ावा देने के लिए सोमवार से सिंगापुर की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। शर्मा ने कहा कि राज्य को उन्नत उद्योगों और नवाचार के उभरते केंद्र के रूप में प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, कल से मैं अगले दो दिनों तक सिंगापुर में रहूंगा, जहां मैं एडवांटेज असम का प्रचार करूंगा, जिसमें सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य की बढ़ती क्षमता पर प्रकाश डालूंगा।

उनकी यात्रा के दौरान रणनीतिक सहयोग और निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए एक ह्यरोड शोह्व और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। शर्मा ने कहा, मुख्य रूप से ध्यान असम को उन्नत उद्योगों और नवाचार के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने पर होगा।

गुवाहाटी में दो दिवसीय एडवांटेज असम 2.0-निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 25 फरवरी से शुरू होगा। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

नई दिल्ली, सोमवार 10 फरवरी 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अजीत प्रसाद पर 61,710 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने लखनऊ स्थित आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से स्नेहिल भेंट किया।




# सभी की आत्मा के अंदर दिव्यता है उसका आदर करना ही हमारी संस्कृति है: आरिफ मोहम्मद खान

## स्वयं से स्वयं को साधने की यात्रा है संगम, वेद और वेदना को पढ़ने का संगम ही नारी है : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**प्रयागराज।** विगत दिवस बिहार के विद्वान राज्यपाल, श्री आरिफ मोहम्मद खान और विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत मुख्य न्यायमूर्ति और भारत के नवनियुक्त लोकपाल, रितुराज अवस्थी जी का परमार्थ निकेतन शिविर में आगमन हुआ। उन्होंने पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और पूज्य साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में अरैल घाट पर आयोजित गंगा आरती में सहभाग किया।

परमार्थ निकेतन द्वारा अरैल घाट पर आयोजित गंगा आरती में विधि, नीति, राजनीति और धर्मनीति का अद्भुत समन्वय प्राप्त हुआ। भारत की वैचारिक चिंतन-मंथन करने वाली विभूतियों का पावन सान्निध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।





अरैल घाट पर परमार्थ निकेतन द्वारा आयोजित गंगा आरती में आज बिहार के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान साहब, माननीय विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष और सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति और भारत के नवनियुक्त लोकपाल, श्री रितुराज अवस्थी जी, माननीय कैबिनेट मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता, नंदी जी और भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों से आये श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बिहार के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान साहब ने कहा कि इस जीवन में जीवित रहते हुये मोक्ष प्राप्त करना है तो पूर्वाग्रह से अपने आप को मुक्ति दिलाना होगा, यही मोक्ष है। अनेकता को स्वीकार करों, आदर करों क्योंकि यही विविधता में एकता की हमारी संस्कृति है।

विविधताओं का संगम पैदा करके एक कर देना यही भारतीय संस्कृति है और यह पर्व उसका उत्सव है। हम सब के अन्दर आत्मा के रूप में दिव्यता है उसका आदर करना ही भारतीय संस्कृति है।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि गंगा जी की आरती हमें विचारधारा और जीवनधारा प्रदान करती है। भारतीय न्याय प्रणाली और संविधान में धर्म और नीति का महत्वपूर्ण स्थान है।

भारतीय न्याय व्यवस्था का उद्देश्य न केवल न्याय दिलाना है, बल्कि समाज के समक्ष एक नैतिक उदाहरण प्रस्तुत करना भी है। धर्मनीति और राजनीति का मिश्रण समाज को एक सशक्त दिशा में अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति घालमेल की नहीं मेलजोल की है। महाकुम्भ, संग्राम से उत्पन्न हुआ और संगम का संदेश लेकर आया है। हम सभी को इस देश के संगम के बनाये रखना है। भारत की संस्कृति ताकत व तलवारों के बल पर नहीं संस्कारों और विचारों के बल पर खड़ा है। हमारी ताकत किसी को धमकाने के लिये नहीं मिलाने के लिये है।

स्वामी जी माननीय राज्यपाल, बिहार श्री आरिफ मोहम्मद खान साहब और माननीय लोकपाल भारत श्री रितुराज अवस्थी जी को रूद्राक्ष का पौधा भेंट कर उनका अभिनन्दन किया।

# प्रयागराज में राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक में देवस्थान विभाग से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

**जयपुर/महाकुंभनगर,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में राजस्थान मंत्रिमंडल की शनिवार को हुई बैठक में देवस्थान विभाग से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य के मंत्री और विधायक प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में शनिवार को पवित्र स्नान करने गए थे। एक बयान में बताया गया कि मंत्रिमंडल की बैठक में देवस्थान विभाग से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें देवस्थान विभाग के प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 390 मंदिरों एवं आत्म निर्भर श्रेणी के 203 मंदिरों में सेवा पूजा, भोग, प्रसाद, उत्सव, पोशाक, जल एवं प्रकाश, सुरक्षा संचालन व्यवस्था आदि के लिए भोगराग को दोगुना करते हुए तीन हजार रुपए प्रति मंदिर प्रति माह किए जाने का निर्णय लिया गया।

इसमें बताया गया कि एक और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए देवस्थान विभाग में प्रत्यक्ष प्रभार वर्ग एवं आत्म निर्भर मंदिरों में कार्यरत अंशकालीन पुजारियों को दिए जा रहे मानदेय को पांच हजार रुपए से बढ़ाकर 7,500 रुपए प्रतिमाह करने की स्वीकृति प्रदान की गई।


देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार के छह मंदिरों तथा आत्म निर्भर श्रेणी के 26 मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं विकास कार्यों के लिये 101 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों का सर्वेक्षण करवाते हुए उनकी वास्तविक संख्या पता कर इन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। जीर्ण-शीर्ण हो चुके ऐसे मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

इन निर्णयों की स्वीकृति भी मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदान की गई।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया

**इम्फाल,** (भाषा) मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



सिंह ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा, ''अब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं प्रत्येक मणिपुरी के हितों की रक्षा के लिए समय पर की गई कार्रवाई, विकास कार्यों और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार का बहुत आभारी हूं।''

पत्र में कहा गया है, ''आपके कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार से मेरा विनम्र अनुरोध है कि इसे जारी रखा जाए। मैं इस अवसर पर उनमें से सबसे महत्वपूर्ण कार्यों को गिनाना चाहता हूं... मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना, जिसका हजारों वर्षों से समृद्ध और विविध सभ्यतागत इतिहास रहा है।''

उन्होंने केंद्र से सीमा पर घुसपैठ को लेकर कार्रवाई जारी रखने और अवैध प्रवासियों के निर्वासन और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई के लिए नीति तैयार करने का भी अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह ''मुक्त आवागमन व्यवस्था(एफएमआर) की पूर्ण सुरक्षित संशोधित प्रणाली को जारी रखे, जिसमें बायोमेट्रिक प्रणाली को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए और सीमा पर त्वरित गति से निगरानी की जाए।''

यह घटनाक्रम उनके दिल्ली से लौटने के कुछ ही घंटों बाद हुआ है।

सिंह ने 10 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के आगामी सत्र के सिलसिले में मुख्यमंत्री सचिवालय में भाजपा नीत सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ शनिवार को बैठक की थी। यह बैठक विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग के मद्देनजर आयोजित की गई थी।

मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# किसानों को अपनी आय दोगुनी करने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा : राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर

- मधुबनी में एस के चौधरी शिक्षा न्यास के तीन दिवसीय एग्री एक्सपो का केरल के राज्यपाल द्वारा उद्घाटन
- दिल्ली के समाजसेवी उद्योगपति वासुदेव गर्ग सहित 10 विद्वानों का किया सम्मानित एस के चौधरी
- शिक्षा न्यास माननीय राज्यपाल के आशीर्वाद से विश्व विख्यात संस्थान बना: संत कुमार चौधरी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मधुबनी।** विकसित भारत 2047 की कल्पना में कृषि के योगदान पर भी चर्चा बेनीपट्टी। एस.के. चौधरी शिक्षा न्यास द्वारा संचालित बेनीपट्टी प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र चानपुरा बसैठ में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य महोत्सव सह मेगा एग्री एक्सपो के प्रथम दिन का उद्घाटन केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने करने से पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र के भाव परिसर में स्थापित स्वर्गीय चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया।











प्रसिद्ध शिक्षा न्यासी डॉ. संत कुमार चौधरी द्वारा स्थापित राज्यपाल अर्लेकर ने कहा कि बिहार ने उन्हें बहुत सिखाया है। बिहार की राजनीति अलग है। उन्होंने कहा कि केवीके चानपुरा बसैठ में लगातार ९ वर्षों से इस प्रकार का कार्यक्रम होना मामूली बात नहीं है बल्कि राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में भी कृषि को बेहतर बनाने का कार्य किया है। डॉ. चौधरी कृषि, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। पहले नौकरी कनिष्ठ, कृषि सर्वोत्तम व व्यापार माध्यम माना जाता था। लेकिन, अब उसके विपरीत नौकरी ही सर्वोत्तम माना जा रहा है। इसलिए, पहले की तरह कृषि पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। विकसित भारत 2047 की कल्पना में कृषि का क्या योगदान होगा इसकी चर्चा यहां के कार्यक्रम में राज्य व देश के अलावा 39 देशों से पहुंचे प्रतिनिधियों के बीच होनी है। आर्थिक के अलावे अन्य आयामों को देखने की जरूरत है। किसानों को अपनी आय दोगुनी करने के लिए प्राकृतिक खेती अपनानी होगी। किसानों की प्रगति, उन्नति व समृद्धि आवश्यक है राज्यपाल ने कहा कि किसानों की प्रगति, उन्नति व समृद्धि आवश्यक है। इसलिए, हमें किसानों को केंद्र में रखकर उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में सोचना होगा।

कार्यक्रम को सुरीनाम के राजदूत अरुण कुमार हेर्डिण, रसिया के व्यापार आयुक्त एबगिनी ग्रिबा, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री हुक्मदेव नारायण यादव, बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री सह मधुबनी के विधायक समीर कुमार महासेठ, एनईएमएसएमई के डीजी डॉ. ग्लोरी स्वरूपा, नेपाल कृषि मंत्रालय के सचिव डॉ. योगेंद्र कर्की, कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय, प्रो. अरुण कुमार, शिक्षा न्यासी डॉ. संत कुमार चौधरी , वासुदेव गर्गआदि ने संबोधित किया। राज्यपाल के द्वारा देश के जाने-माने समाज सेवी उद्योगपति के एम जी फूड मिल्क ग्रुप के संस्थापक श्री वासुदेव गर्ग, मधुबनी के डीएम अरबिंद कुमार वर्मा, एसपी योगेंद्र कुमार, मिथिला मशरूम पंडौल गंधबाइर की संचालिका प्रिया कुमारी, मधुबनी बड़ा बाजार की समाजसेविका रीना सर्राफ, मिथिला पेंटिंग कलाकार विनीता झा, निशा झा आदि को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक तथा भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन व भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष से विपिन गुप्ता ने राज्यपाल श्री राजेंद्र आर्लेकर के द्वारा अपनी आध्यात्मिक धार्मिक मासिक पत्रिका गुरु गोविंद दर्शन के'' ''कुंभ विशेषांक 2025'' को भेंट कर विमोचन करवाया, तथा इस अवसर पर तिरंगा पटका व चरखा निर्मित सूत की माला'' पहना कर स्वागत किया , तथा विश्व विख्यात पीतल नगरी से में निर्मित कामधेनु गौ माता का प्रतीक मूर्ति को भेंट किया।इसके साथ ही विभिन्न संस्थानों की ओर से राज्यपाल महोदय को भेंट की गई जिसमें मशरूम बिस्किट मिथिला मशरूम की संचालिका प्रिया कुमारी ने राज्यपाल को मशरूम बिस्किट भेंट की। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना, रामचरिमानस व सरस्वती वंदना नृत्य से की गई। कार्यक्रम के शुरुआत व अंत राष्ट्रगान से किया गया। देव संस्कृति पब्लिक स्कूल बनकट्टा के छात्रों ने नशा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल पर लगे सैकड़ों स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके बेनीपट्टी के अनुमंडलीय कार्यपालक दंडाधिकारी विवेक मिश्रा, डीएसपी निशिकांत भारती, डीसीएलआर प्रशांत कुमार, बेनीपट्टी के सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा, बेनीपट्टी के प्रखंड उपप्रमुख अशोक कुमार चौधरी, केवीके चानपुरा बसैठ के वरीय कृषि वैज्ञानिक मंगलानंद झा, प्रमोद कुमार झा, ईश्वरचंद्र झा आदि उपस्थित थे।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।